रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, मंगलवार 04 मार्च 2025, वर्ष 10, अंक 411 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## दिल्ली जीत के बाद बिहार में जुट गई बीजेपी जानें पार्टी की खास रणनीति

**बीजेपी ने बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। पार्टी और आरएसएस जमीनी स्तर पर तैयारी कर रहे हैं, वहीं नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव और सर्वेक्षण भी चल रहा है। राज्य में सामाजिक समीकरण को भी मजबूत किया जा रहा है।**



**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी का पूरा फोकस अब बिहार विधानसभा चुनाव पर है। फिलहाल नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार में सत्ता में है। बीजेपी सूत्रों ने बताया कि नेतृत्व को लेकर कोई संशय नहीं है। एनडीए नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाकर चुनाव में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी 'फिर से नीतीश' के नारे के साथ चुनाव प्रचार करने पर विचार कर रही है। आज चुना जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी के महासचिव और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए पटना में हैं। मंगलवार को, वर्तमान अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को आधिकारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष चुना जाएगा। नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद एक नई टीम का गठन किया जाएगा जो साल के अंत में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए काम शुरू करेगी। **विधानसभा स्तर पर कर रही सर्वे** इस समय पार्टी जमीनी हकीकत का आकलन करने और चुनाव में सफलता दोहराने के लिए जरूरी प्रयासों का अनुमान लगाने के लिए विधानसभा-वार सर्वे कर रही है। ये सर्वे पार्टी को यह समझने में मदद करेंगे कि किस क्षेत्र में कितना काम करने की जरूरत है। **इसी हफ्ते बिहार दौरे पर रहेंगे RSS प्रमुख** 6 मार्च को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बिहार के सुपौल का दौरा करेंगे, जहां वह आरएसएस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। कुछ वरिष्ठ बीजेपी नेताओं के भी भागवत से इस दौरान मुलाकात करने की संभावना है। हालांकि इस दौरे को एक स्कूल के उद्घाटन के विशिष्ट कार्यक्रम के रूप में बताया जा रहा है, लेकिन राजनीतिक चर्चा भी निश्चित रूप से होगी। **कैबिनेट फेरबदल से सामाजिक समीकरण को मजबूत करने की कोशिश** हाल ही में हुए बिहार कैबिनेट फेरबदल में, एनडीए ने अपने सामाजिक समीकरण को मजबूत करने की कोशिश की है और यह आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। सोमवार को, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पेश किया जिसमें महिलाओं और अन्य समूहों के लिए विशेष घोषणाएं की गईं। बीजेपी ने फैसला किया है कि बजट सत्र के तुरंत बाद, बिहार सरकार में उसके सभी मंत्री अपने-अपने समुदायों के लोगों से सीधे जुड़ेंगे।

## रोड एक्सीडेंट में घायलों को फ्री इलाज इसी महीने से:1.5 लाख तक खर्च सरकार उठाएगी



**नई दिल्ली** रोड एक्सीडेंट में घायलों को इसी महीने यानी मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। NHAI इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। NHAI ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा। **नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना लॉन्च की थी** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरू किया था। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को गडकरी ने योजना को देशभर में ऑफिशियली लॉन्च करने की घोषणा की। इससे देश में कहीं भी रोड एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए भारत सरकार की ओर से अधिकतम 1.5 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। जिससे वह 7 दिनों तक अस्पताल में इलाज करा सकेगा। डेढ़ लाख से ऊपर खर्च पर खुद पैसे देने होंगे अस्पताल को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल में रेफर करना है तो उस अस्पताल को सुनिश्चित करना होगा कि जहां रेफर किया जा रहा है, वहां मरीज को दाखिला मिले। डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में NHAI काम करेगा यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है तो बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा।

## 1,45,400 करोड़ के बजट में डेवलपमेंट नहीं:मंईयां सम्मान जैसी चुनावी रेवड़ियां बांटने पर ध्यान, एक्सपर्ट बोले- राज्य के भविष्य के लिए ठीक नहीं



**रांची** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए झारखंड का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने बजट को सामाजिक विकास पर जोर देने वाला बताया। इस बजट में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बड़े बजट के विभागों में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को रखा गया है। पर बजट में डेवलपमेंट को लेकर कोई खास प्लानिंग नहीं दिखती है। सरकार दावा कर रही है कि विभिन्न तरह की योजनाओं का लाभ दे कर वह हर लोगों को मजबूत कर रही है। सरकार के इस बजट को लेकर एक्सपर्ट का मानना है कि सरकार का बजट साफ बता रहा है कि उनकी नजर में डेवलपमेंट लोगों को पैसा देना है। यही वजह है कि सरकार ने अपने महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना पर 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए खर्च करने वाली है। योजना के लिए तय किया गया यह बजट योजना बजट का 14.56 प्रतिशत और कुल बजट का 9.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त सर्वजन पेंशन भी इसी लिस्ट में है। **पैसा बांटने से नहीं होगा विकास** बजट को लेकर सीनियर जर्नलिस्ट मधुकर का कहना है कि बजट उन मूलभूत बातों को पूरा नहीं कर पाता, जिसे ध्यान में रख कर अलग राज्य बना। राज्य बनने के दौरान जल, जंगल और जमीन तीन ऐसे कंपोनेंट थे, जिस पर सबसे अधिक बात होती थी। लेकिन आप देखेंगे इस बजट ये तीनों बातें अछूता हैं। बजट कुछ ऐसा होना चाहिए था जहां जल, जंगल और जमीन का एक साथ विकास होता। आंकड़े में तो हजारों करोड़ रुपए दिए गए हैं लेकिन वह किस रूप में है, इसे देखना चाहिए। वह कहते हैं कि सरकार का बजट रेवड़ी बांटने पर ज्यादा है न कि रोजगार सृजन, उद्योग लगाने और लोगों की आमदनी बढ़ाने के दूसरे माध्यम डेवलप करने पर। राज्य की आधा से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर करती है। बजट में कृषि को मिला केवल 4,587.66 करोड़ रुपए। इसमें यह पैसा किस रूप में खर्च होगा यह भी साफ नहीं है। सीएम अपने संबोधनों में मिलेट्स की बात करते हैं लेकिन बजट में मिलेट्स को लेकर कोई प्लानिंग नहीं दिखती है। लोग आत्मनिर्भर कैसे बनेंगे, इसका किसी भी विभाग के बजट में खाका स्पष्ट नहीं है। केवल पैसे बांट कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहना समझ से परे है। राज्य का विकास पैसे बांटने से तो नहीं होने वाला। वहीं सीनियर जर्नलिस्ट ज्ञान रंजन कहते हैं कि इस फ्री बीज पर बजट का बड़ा हिस्सा खर्च कर सरकार कौन से डेवलपमेंट की बात कह रही है यह समझ से परे है। सामान्य समझ से भी देखें तो कहा जाता है कि जिस पैसे को हम खर्च कर रहे हैं, उससे हमें मिल क्या रहा है। बजट में ऐसा तो कुछ नहीं दिख रहा है ज्ञान रंजन का कहना है कि बजट भाषण में वित्त मंत्री कहते हैं कि राज्य में 24 सालों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हुआ है।

## जेएन टाटा की 186वीं जयंती, विद्युत सज्जा से शहर रोशन: आम लोगों के लिए खुला जुबिली पार्क, आकर्षक लाइटिंग देखने के लिए उमड़ी भीड़



*शार्प लेजर लाइट लगाई गई हैं। लोग रोजाना शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक पैदल जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा देख सकेंगे। वहीं, 5 मार्च तक आम लोग इस विद्युत सज्जा का दीदार कर सकेंगे। लोग रोजाना शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक पैदल और रात 10 बजे से 11 बजे तक वाहनों से जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा देख सकेंगे। विद्युत सज्जा का काम टीएसयूआईएसएल (पुराना नाम जुस्को) के बिजली विभाग के जीएम वीपी सिंह, डीएम अनिर्बन भट्टाचार्जी की निगरानी में कंपनी के कर्मचारियों, वेंडरों के साथ पश्चिम बंगाल के चंदननगर के कारीगरों ने किया है।*





***जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)*** *टाटा स्टील (पहले टिस्को) के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती पर हर साल की तरह इस साल भी शहर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। सोमवार को आम लोगों के लिए जुबिली पार्क खोल दिया गया। आकर्षक लाइटिंग देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार शाम को जुबिली पार्क में की गई विद्युत सज्जा का उद्घाटन टाटा ग्रुप के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने किया था। शहर के चौक-चौराहे और ऐतिहासिक भवन भी रंग-बिरंगी लाइटिंग से जगमगा उठे हैं।*

***17.50 लाख मिनी एलईडी लाइट से जुबिली पार्क में सजावट की गई है। रतन टाटा की तस्वीर भी डिस्प्ले की गई*** *वहीं, इस साल 17.50 लाख मिनी एलईडी लाइट से जुबिली पार्क में सजावट की गई है। पार्क में इस बार हाथी, मोर, तितलियों समेत कई पक्षियों के अलावा कमल, गुलाब, ट्यूलिप की डिजाइन वाली लाइट लोगों को खास आकर्षित कर रही है।*

## बेखौफ अपराधी: फाइनेंस कर्मी से 54 हजार की लूट, युवक के पैर में मारी गोली, सदर अस्पताल रेफर




**क्राइम रिपोर्टर । मधुबनी** जिला के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मी से सोमवार की देर शाम लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। मदना गांव के पास तीन अपराधियों ने दो अपाची बाइक पर सवार होकर फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों का पीछा किया। अपराधियों ने हथियार के बल पर 54,480 रुपए और दो मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस दौरान कंपनी के कर्मचारी के विरोध करने पर अपराधियों ने गोली चला दी, जो कंपनी के कर्मचारी रिशु कुमार (22) के दाएं पैर में लगी। रिशु समस्तीपुर जिले के नर्वाण गांव के रहने वाले हैं। वह जनवरी से ही कंपनी में काम कर रहे हैं। ब्रांच प्रबंधक अजीत कुमार सिंह के अनुसार, वे असिस्टेंट ब्रांच प्रबंधक के साथ शाम करीब 6 बजे जमैला से कैश कलेक्शन कर अंधराठाढ़ी लौट रहे थे। अपराधी लूट के बाद नहर के रास्ते पलार की ओर फरार हो गए। घायल रिशु को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल मधुबनी रेफर कर दिया गया। डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने बताया कि रिशु की स्थिति स्थिर है। घटना की सूचना पर झंझारपुर डीएसपी पवन कुमार और थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उनके अनुसार जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

## विधायक कल्पना सोरेन ने बजट सत्र के बाद पति हेमंत सोरेन और विधायकों के साथ मनाया जन्मदिन



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का आज 40वां जन्मदिन है। इस अवसर पर कल्पना ने बजट सत्र के बाद पति हेमंत और पार्टी विधायकों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कल्पना ने अपने जन्मदिन की खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की है।

## जाली करेंसी कारोबारी का तार पाकिस्तान से है जुड़ा पूछताछ में अंसारी ऊर्फ मस्तान का नाम बताया

- **इंडो नेपाल सीमा पर सक्रिय जाली नोट कारोबारी, पाकिस्तान से जुड़ा है तार**
- **पुलिस एवं एसएसबी के संयुक्त कारवाई में मिली बड़ी सफलता, तीन गिरफ्तार एक पाकिस्तानी अंसारी ऊर्फ मस्तान भी नामजद**

**बासोपट्टी** भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी एवं बासोपट्टी पुलिस के संयुक्त कारवाई में एक बड़ी सफलता मिली है।इस मामले में डीएसपी विपल्व कुमार ने सोमवार को बासोपट्टी थाना पर प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है।डीएसपी ने बताया कि स्थानीय पुलिस एवं जानकीनगर एसएसबी को गुप्त सूचना मिली कि बीते दो मार्च को भारत नेपाल सीमा 277/01 के पास जाली नोट लेकर नेपाल से भारत आने के फिराक में है।जिसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। उनके दिशा निर्देश पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन कर एसआई मुन्ना कुमार, कंचन कुमार सिंह सहित पुलिस बल ने निशानदेही पर पंडौल थाना के बिठूआर निवासी मो हाजी ओवैसी उर्फ मुंशी जी को गिरफ्तार किया एवं नगर थाना मधुबनी के अंतर्गत कोतवाली चौक वार्ड 42 निवासी मो रसीद जमाल उर्फ कमाल को गिरफ्तार किया। बताते चलें कि एसएसबी एवं पुलिस ने संयुक्त कारवाई के दौरान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के सरिता गाछी के पास जयनगर थाना के बलडीहा गांव निवासी मो ताहिर को सबसे पहले गिरफ्तार किया। जानकीनगर एसएसबी निरीक्षक सामान्य भगवान सहाय मीणा के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने एक पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर विभिन्न जगहों पर छापेमारी किया एवं संलिप्त दो व्यक्ति को फिलहाल गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कारोबारी ने पूछताछ के क्रम में नोट के कारोबार में पाकिस्तानी नागरिक अंसारी ऊर्फ मस्तान का भी नाम बताया। डीएसपी ने बताया कि इसकी गहन अनुसंधान जारी है।

## विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी करणी सेना



**पूर्णिया** पूर्णिया में सोमवार को क्षत्रिय सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के 9वें स्थापना दिवस के मौके पर शहर के कला भवन पूर्णिया में किया गया। सम्मेलन में संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षा शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी शामिल होने पहुंची। इस दौरान उनके साथ संगठन से जुड़े देश भर के कई राष्ट्रीय पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहें। इसमें न सिर्फ पूर्णिया बल्कि सीमांचल और कोसी समेत प्रदेश भर के हजारों लोग शामिल हुए। कला भवन में करणी सेना का 9वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षा शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना बिहार विधानसभा चुनाव में हाथ आजमाएगी। देश की दोनों राष्ट्रीय पार्टियां अब तक क्षत्रियों के साथ टिकट देने में छल करती रही है। जिस कारण दिल्ली चुनाव में भी अपना उम्मीदवार उतारा था और अब बिहार के चुनाव में भी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। करणी सेना हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के सेवा में लगी रहती है। आगे भी यह कार्य चलता रहेगा। संगठन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पूर्णिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का 9वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन संगठन का ऐतिहासिक कदम है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कटार ने कहा कि आज के दिन पूरे देश के 22 जगहों पर पूरे धूमधाम के साथ स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसे लेकर लोगों में भी काफी उत्साह है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी लॉन्च किया




रांचीः सैमसंग ने दो नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की। ये दोनों स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में बेहतरीन फीचर्स के साथ आते हैं। बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज में शामिल ये नए डिवाइस स्टाइल और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का शानदार मेल हैं, जो हर यूजर के लिए नए अनुभव और संभावनाएं लेकर आते हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने कहा, 'गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी बेहतरीन इनोवेशन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ आते हैं, जो एम सीरीज की पहचान हैं। नया डिजाइन और दमदार हार्डवेयर इन डिवाइसेस को स्टाइलिश और परफॉर्मेंस के मामले में बेहतर बनाते हैं। इनमें मीडियाटेक डाइमेंनसिटी 6300 प्रोसेसर और सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए फुल 5जी सपोर्ट मिलता है। गैलेक्सी एम16 5जी एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले, 6 जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और टैप एण्ड पे जैसी नई सुविधाओं के साथ एक नया बेंचमार्क सेट करता है। गैलेक्सी एम16 5जी में 6.7 इंच का एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले है, जो शानदार कलर कॉन्ट्रास्ट और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। अडैप्टिव हाई ब्राइटनेस मोड यह सुनिश्चित करता है कि यूजर तेज धूप में भी अपने पसंदीदा कंटेंट का आनंद ले सकें। गैलेक्सी एम06 5G में 6.7 इंच का एचडी+ डिस्प्ले है, जो सोशल मीडिया ब्राउज़िंग और वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए बेहतरीन अनुभव देता है। गैलेक्सी एम16 5जी और गैलेक्सी एम06 5जी दोनों में नया लीनियर ग्रुप्ड कैमरा मॉड्यूल, बोल्ड लेकिन बैलेंस्ड कलर पैलेट और प्रीमियम फिनिश है, जो इन्हें आकर्षक और ट्रेंडी बनाते हैं। गैलेक्सी एम16 5जी सिर्फ है, जबकि गैलेक्सी एम06 5जी 8एमएम पतला है। गैलेक्सी एम16 5जी तीन शानदार रंगों में मिलेगा – ब्लश पिंक, मिंट ग्रीन और थंडर ब्लैक, जबकि गैलेक्सी एम06 5जी दो स्टाइलिश रंगों में उपलब्ध होगा – सेज ग्रीन और ब्लेज़िंग ब्लैक।

# वीर हनुमान के भव्य और पर्यावरण अनुकूल सेटः ओमंग



रांचीः सोनी सब अपने आगामी भव्य और दिव्य धारावाहिक 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। इस शो में आन तिवारी (बाल हनुमान), आरव चौधरी (केसरी), सायली सालुंखे (अंजनी) और माहिर पंधी (बाली और सुग्रीव) मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे! 11 मार्च से प्रसारित होने वाले इस शो में बाल मारुति के अद्भुत सफर को दर्शाया जाएगा, जहां वे वर्षों में अपने शक्तिशाली स्वरूप भगवान हनुमान में परिवर्तित होते हैं। इस शो के भव्य और अद्भुत सेट को प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और प्रोडक्शन डिज़ाइनर ओमंग कुमार ने डिज़ाइन किया है। सेट निर्माण में मिट्टी के पाउडर का व्यापक उपयोग किया गया है, जिससे

# गुरुनानक सेवक जत्था ने स्कूल बैग का वितरण किया



गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से रांची डाल्टेनगंज मार्ग पर स्थित मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव में जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया. जत्था के सदस्य चार पहिया वाहन में स्कूल बैग लेकर रांची से 28 किलोमीटर दूर रांची डाल्टेनगंज मार्ग पर स्थित मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव सुबह नौ बजे पहुंचे,जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को कतार में खड़ा कर उनके बीच एक एक कर बैग बांटे गए,स्कूल बैग पाते ही बच्चों के चेहरों पर मुस्कान छा गई.ग्रामीणों ने इस तरह के पुनीत कार्य करने के लिए जत्था की प्रशंसा की और उनका आभार जताया. संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्य पिछले पंद्रह वर्षों से लगातार किए जा रहे हैं, जत्था द्वारा अनाथ आश्रम,वृद्ध आश्रम के अलावा दूर दराज के ऐसे गांव जहां वाकई जरूरतमंद बच्चे हैं,वहां समय समय पर जाकर उनकी जरूरत की वस्तुएं उन्हें उपलब्ध कराई जाती हैं.

स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम में जत्था के सूरज झंडई,हर्ष सरदाना,आयुष पपनेजा,राहुल दुआ, वंश डावरा,गीत सचदेवा,ऋषभ शर्मा,छोटू सिंह एवं अमन डावरा शामिल थे.

# बजट में बढ़ोतरी ठीक, सरकार को अपने संसाधन बढ़ाने की ज़रूरत : अयोध्यानाथ



रांची : राज्य के जाने माने आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ अयोध्या नाथ मिश्र ने 2025-26 के बजट बढ़ोतरी के प्रवधानों को राज्य हित में सही बताते हुए कहा है कि इस बार के बजट में लगभग 13% बढ़ोतरी की गई है, जो सही प्रतीत होता है। किंतु विगत कई बरसों से देखा गया है। कि सरकारें बजट तो बढ़ा देती हैं, लेकिन उसे पूरी तरह से योजना मद में लगा नहीं पाती हैं। योजना मद में आवंटित राशि को कटौती कर गैर योजना मद में डाल दिया जाता है। ऐसे में सरकार को अपने संसाधन से राजस्व जुटाने में ध्यान देना चाहिए। अभी जो राशि जीएसटी से झारखंड को प्राप्त होती है वह लगभग 47,00,00 करोड़ रुपए है। जबकि विभिन्न अनुदान मद में राज्य को लगभग 17,00,00 करोड़ रुपए केंद्र द्वारा मिलते हैं।

# एसबीआई के एमडी ने किया झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक का दौरा



रांचीः भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने झारखंड प्रवास के दौरान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रांची स्थित प्रधान कार्यालय का दौरा किया। झारखंडी नृत्य-गान के साथ बैंक से सहबद्ध महिला मंडल की दीदियों ने पारंपरिक परिधान और ढोल/मांदर की थाप पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने प्रबंध निदेशक श्री तिवारी के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान बैंक द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। प्रबंध निदेशक श्री तिवारी ने अधिकारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा किए गए कार्यों के लिए सभी की प्रशंसा की और साथ ही आह्वान किया कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का बैंक घोषित करवाने हेतु प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, झारखण्ड के महाप्रबंधक एवं रांची आंचलिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने अल्प सूचना पर प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक भ्रमण के प्रस्ताव को स्वीकार करने एवं उनके मागदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि उनका यह भ्रमण बैंक के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और बैंक आने वाले समय में झारखंड में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएगा।

# राज्यपाल से मिले आईसीएआई रांची शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारी



**रांची**ः दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, रांची शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने सोमवार को इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया के नेतृत्व में झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से आज एक शिष्टाचार भेंट किया।

इस मुलाकात में इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने राज्यपाल संतोष गंगवार को जानकारी देते हुए बताया कि रांची शहर सीए कोर्स कि अध्ययन के लिए सीए विद्यार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। रांची शाखा सीए विधर्थियों के लिए आवश्यक आई टी और सॉफ्ट स्किल कि ट्रेनिंग के साथ साथ सीए विद्यार्थियों के लिए परीक्षा कि तैयारी हेतु लगातार मॉक टेस्ट, विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों कि सलाह, विभिन्न विषयों पर सेमिनार, कांफ्रेंस, टैलेंट सर्च, स्पोर्ट्स आदि करवाती है। साथ ही चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए विभिन्न विषयों पर सेमिनार, वर्कशॉप, नेशनल कांफ्रेंस आदि देश के नामी विशेषज्ञों के सानिध्य में करवाती है। साथ ही बताया कि एक वाणिज्यिक विशेषज्ञ के रूप में राज्य और देश के विकास में भी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

इस शिष्टाचार भेंट में रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए अनीश जैन, कोषाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दिलीप कुमार और सी पी इ कमिटी के अध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती भी शामिल थे।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता छह मार्च को करेंगे समीक्षा, आईजी-डीआईजी को मिले कई निर्देश



रांचीः राज्य पुलिस के मुखिया डीजीपी अनुराग गुप्ता अब महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध की घटनाओं की समीक्षा करेंगे। यह बैठक 6 मार्च को होनी है। इसमें जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर यह भी समीक्षा होगी कि बीएनएस की 61 धाराओं के तहत अब तक महिलाओं और बच्चों के मामलों में क्या कार्रवाई थाना स्तर पर हुई है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। हालांकि, इस बैठक का मुख्य उद्देशय राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर कदम उठाना और सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी को दिए गए निर्देश

इन सभी 61 धाराओं के तहत दर्ज कांड में अनुसंधान की स्थिति। तीन महीने से अधिक समय से लंबित सुपरविजन के लिए केस की स्थिति। ऐसे सभी मामले जिनमें अभियुक्तों के खिलाफ कांड सत्य हुआ है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।अभियुक्तों की गिरफ्तारी की स्थिति, यदि गिरफ्तार नहीं हुए हैं, तो उनके कारण। इन सभी 61 धाराओं में दर्ज ऑनलाइन प्राथमिक और की गई कार्रवाई। सत्य पाए गए कांडों में विक्टिम कंपनसेशन के लिए की गई कार्रवाई और लंबित मामले। यदि पीड़िता एसटी एससी श्रेणी में आती है, तो संबंधित क्षेत्र के तहत कंपनसेशन की कार्रवाई।

# निराशा जनक और जन विरोधी बजट है - लवली गुप्ता



पांकी-हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल का प्रथम बजट अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने बताया कि हेमंत सरकार का बजट बहुत ही निराशाजनक और जनविरोधी है। बजट में सरकार ने बड़े-बड़े वादे तो किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत को देखते हुए यह बजट पूरी तरह से खोखला और दिशाहीन नजर आता है। गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए हैं। बेरोजगारी झारखंड का एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन इस बजट में युवाओं के लिए कोई ठोस रोजगार नीति नहीं बनाई गई। शिक्षित युवा पहले ही नौकरी के अभाव में परेशान हैं, यह बजट उनकी समस्याओं को दूर करने में विफल साबित होगा। मंईयां सम्मान योजना के लिए अपर्याप्त राशि आवंटित की गई है। राज्य सरकार की मंशा मंईयां सम्मान योजना को बंद करने की है।

# जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक



**रांची**। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, किस्टो कुमार बेसरा, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, सभी निबंधक, एल.आर.डी.सी. रांची, मुकेश कुमार, एल.आर.डी.सी. बुंडू, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पाण्डेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, श्री रविशंकर मिश्रा एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा**

उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा**

बैठक में रांची जिले में आए दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की अक्सर ऐसी शिकायत प्राप्त होती है, की एक ही भूमि को बार-बार बेच दिया जाता है। ऐसे खरीद-बिक्री को कैसे रोका जाए इसपर विस्तार से चर्चा की गई।

बैंक द्वारा बंधक भूमि का बिक्री रोकने को लेकर भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश

बैठक में बैंक द्वारा बंधक भूमि का बिक्री रोकने को लेकर भी कार्ययोजना बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। इसे कैसे रोका जाए उसपर पर गहन विचार विमर्श किया गया की कैसे बैंक द्वारा बंधक जमीन की बिक्री रोकी जाए।

अबुआ साथी-9430328080 जन शिकायत हेतु रांची जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर

# सेल सेट के सोलर पी. भी. सिस्टम का उद्घाटन



रांचीः 40 किलोवाट सोलर पी. भी. सिस्टम, जो कि सेल सेट के इस्पात एक्जीक्यूटिव होस्टल में लगाया गया है का उद्घाटन मनीष राज गुप्ता, निदेशक (टेक्निकल, प्रोजेक्ट्स एवं रॉ मैटीरियल्स), सेल ने किया। इस उद्घाटन समारोह की मेजबानी श्रवण कुमार वर्मा, ई डी (सेट)द्वारा की गई। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री अनूप कुमार, ई डी (एस एस ओ), वेद प्रकाश, ई डी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संदीप कर , ई डी (आर डी सी आई एस) एवं सेल रांची यूनिट के सभी मुख्य महा प्रबंधक थे। यह सोलर पी भी सिस्टम, इस्पात एक्जीक्यूटिव होस्टल के ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणीकरण का एक हिस्सा है। इस सोलर सिस्टम के लगने से ग्रिड द्वारा ली गई विद्युत ऊर्जा में बहुत कमी आ गई है। वातावरण शुद्धिकरण के लिए सेल सेट द्वारा लिया गया यह पहल काफी सराहनीय है।

# राज्यपाल को पलामू जिले की विभिन्न योजनाओं में हुई अनियमितताओं को बताया



रांचीः राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता, विधायक, पांकी विधानसभा क्षेत्र ने राज भवन में भेंट की और पलामू जिले की विभिन्न योजनाओं में हुई अनियमितताओं के संबंध में अवगत कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई हेतु ज्ञापन समर्पित किया।

राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स, स्टेशन रोड, रेड़मा, वार्ड नं-15, डाल्टनगंज, पलामू द्वारा पांकी प्रखण्ड के अंतर्गत ढूब-छतरपुर मार्ग में निर्माणाधीन पुल ध्वस्त हो जाने के मामले में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 23 जुलाई 2021 को उच्चस्तरीय जाँच दल का गठन किया गया था। माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन से गठित इस जांच समिति को संयुक्त जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना था, लेकिन साढ़े तीन वर्षों के बाद भी यह प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जा सका। सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डाल्टनगंज के पत्रांकः 01, दिनांकः 13/01/2025 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डाल्टनगंज को मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स द्वारा की जा रही योजनाओं में अनियमितता के संबंध में पत्र लिखा गया। सहायक अभियंता के पत्र के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डाल्टनगंज के पत्रांकः 93, दिनांकः 13/01/2025 के द्वारा संवेदक को पत्र लिखा गया, परन्तु स्थिति यथावत है।

ज्ञापन के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III और एफडीआर योजना के तहत पलामू जिले में लिए गए 5 कार्यों की खराब स्थिति और अपूर्णता को लेकर उपायुक्त, पलामू ने 13 दिसंबर 2024 को ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड को पत्र लिखा था। इसके बावजूद अब तक दोषी संवेदक के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इसके अतिरिक्त 'जल जीवन मिशन योजना' के तहत निर्मित लघु पेयजलापूर्ति योजनाओं में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताएँ सामने आई हैं। कार्यपालक अभियंता, मेदिनीनगर प्रमंडल के 06 नवंबर 2024 के प्रतिवेदन के अनुसार, कुल 63 क्लस्टर सब-क्लस्टर योजनाओं में कई अपूर्ण कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान कर दिया गया है। क्लस्टर-86 में 1.80 करोड़ रु० का कार्य दर्शाकर एफएचटीसी लक्ष्य 1302 के विरुद्ध 1305 पूर्ण दिखाया गया, जबकि एकरारनामे की राशि 4.718 करोड़ रु० है। विधानसभा रिपोर्ट में 935 एफएचटीसी पूरा बताया गया है, जिससे विभागीय रिपोर्ट और वास्तविकता में भारी भिन्नता स्पष्ट होती है।

मनातू और तरहसी प्रखण्डों में भी कई योजनाएं अधूरी हैं, लेकिन उन्हें 100 प्रतिशत पूर्ण दिखाकर भुगतान किया गया है। कई स्थानों पर बोरिंग नहीं हुआ, कुछ जगहों पर केवल नींव बनाई गई और कुछ अधूरी संरचनाएँ छोड़ दी गईं। इसके कारण स्थानीय जनता अब भी शुद्ध पेयजल से वंचित है और दूषित जल पीने को मजबूर है।

राज्यपाल से विधायक डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा इन सभी मामलों की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषी संवेदकों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु पहल करने का आग्रह किया गया, ताकि ग्रामीण जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

# 10000 रूपये घूस लेते मुखिया गिरफ्तार



#धनबाद के #चंद्रपुरा के #पपलो_पंचायत का #मामला

धनबादः एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने चंद्रपुरा के पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मुखिया को उनके घर से गिरफ्तार किया गया, जहां वह प्रधानमंत्री आवास योजना के एक आवेदक से रिश्वत ले रहे थे।

एसीबी के अधिकारी बिनोद कुमार महतो के अनुसार, मुखिया जियो टैगिंग के नाम पर आवेदक से 25 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। आवेदक इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थ था और रिश्वत देना भी नहीं चाहता था। इसके बाद उसने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने मुखिया को पकड़ने की योजना बनाई। बातचीत के बाद रिश्वत की राशि 20 हजार रुपए तय हुई, जिसे दो किस्तों में देना था। पहली किस्त के 10 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने मुखिया को रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहाल मुखिया को धनबाद एसीबी कार्यालय ले जाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

## हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत



खरसावां-आमदा मुख्य मार्ग पर बोरडा के पास एक पिकअप वैन अनियंत्रित हो कर पलट गया. हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी. 23 अन्य लोग घायल हो गये. इनमें 10 पुरुष, 5 महिला और 8 बच्चे हैं. गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है. मृतक की पहचान जिले के कुम्हार रिडींग गांव निवासी 17 वर्षीय लक्ष्मण कुम्हार के रूप में हुई है. जिले के कुम्हार रिडींग गांव के करीब 2 दर्जन से अधिक लोग रविवार को एक पिकअप वैन में सवार हो कर शादी समारोह में शामिल होने चक्रधरपुर के चैनपुर गांव गए थे. देर रात शादी समारोह से लौटने के दौरान आमदा-खरसावां मुख्य मार्ग पर बोरडा स्कूल के पास वैन अनियंत्रित होकर पलट गया है.

## एसीबी ने मुखिया को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार



धनबाद : धनबाद एसीबी की टीम ने एक रिश्वतखोर मुखिया को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बोकारो जिला के चंद्रपुरा स्थित पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को धनबाद एसीबी की टीम ने सोमवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते धर दबोचा है। मुखिया को उसके ही घर से गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में एसीबी एसएसपी विनोद कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना का जिओ टैग करने के एवज में मुखिया लाभुक से 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीबी की टीम ने जांच के बाद मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत की पहली किस्त 10 हजार रुपए लेते उनके ही घर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार मुखिया को एसीबी की टीम धनबाद एसीबी कार्यालय लाकर पूछताछ कर रही है।

## उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को एच.ई. स्कूल में संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्षाओं का भ्रमण किया। परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखने व सतर्क रहने का निर्देश दिया।

## 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक किया बंध्याकरण

**धनबाद** । सदर अस्पताल में आज परिवार नियोजन मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसमें महिला बंध्याकरण, अंतरा इंजेक्शन सहित सभी प्रकार की परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की गईं।

कैंप में अर्बन सहिया के सहयोग से लाभार्थियों को लाया गया। जिसमें 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ विकास राणा, डॉ.संजीव कुमार, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. श्री निवास राव, एमओआईसी डॉ. अनीता चौधरी, अस्पताल प्रबंधक तबस्सुम नाज़, अर्बन कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर गौतम सिंह, परिवार नियोजन काउंसलर प्रीति कुमारी, रणधीर कुमार ताजुद्दीन अंसारी, हिरा लाल रजक, अभिजीत कुमार सिन्हा, मुक्ति रंजन दास, मनीष कुमार, पूजा रानी मंडल, रीता कुमारी, नमलेन बेडिंग, पी.एस.आई. इंडिया के जिला प्रबंधक प्रेम कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद थे।

## टाटा संस के चेयरमैन का बड़ा ऐलानःचिप, 5G और मेडिकल सेक्टर में बड़ा निवेश



**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के एशिया पैसिफिक के मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसारवानजी टाटा की जयंती पर टाटा स्टील कंपनी परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के एशिया पैसिफिक के मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। चंद्रशेखरन ने कहा कि इस बार रतन टाटा की अनुपस्थिति खली, लेकिन वे हमेशा हमारे दिलों में बसे रहेंगे। उन्होंने जमशेदपुर को टाटा की जन्मभूमि बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। टाटा समूह के भविष्य की योजनाओं का खुलासा करते हुए चेयरमैन ने बताया कि गुजरात में चिप निर्माण की नई कंपनी स्थापित की गई है। असम में भी नया निवेश किया जा रहा है। मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग और बैटरी सेक्टर में बड़े निवेश की योजना है। 5G टेक्नोलॉजी में स्वदेशी तकनीक विकसित करने का काम चल रहा है। मेडिकल सेक्टर में एडवांस्ड रिसर्च के लिए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। चंद्रशेखरन ने चीन से प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार से समर्थन की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और अधिक निवेश किया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# उपायुक्त ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थित एच.ई. स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सौर ऊर्जा से संचालित है।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। साथ ही उनके साथ वार्तालाप किया।

उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है।

उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है।

इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के किचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया।






मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित , सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : निसार



हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने 2025-26 वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए वित्तीय अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक का है । इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है । इस बजट में झारखंड की बेटियों, झारखंड के किसानो, झारखंड के उद्यमी, झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है और सभी को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट तैयार किया गया है । यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट है । उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## एनडीआरएफ 09 वी. बटालियन की टीम पहुंची बोकारो



विभाग के निर्देश पर बोकारो जिले में एनडीआरएफ की टीम 03 मार्च से 08 मार्च तक जिले में फैमिलिराइजेशन एक्सरसाइज (परिचितीकरण अभ्यास) कार्यक्रम करेगी।

अचानक आने वाली आपदाओं से बचाव योजना तैयार करने के लिए यह पहल की जा रही है। इस एक्सरसाइज के अंतर्गत बोकारो जिले में आपदा से निपटने के लिए यहां की भौगोलिक एवं प्राकृतिक परिस्थितियों का रिसोर्स मैपिंग की जानी है।

सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार ने एनडीआरएफ टीम के साथ बैठक कर बोकारो जिलांतर्गत विभिन्न अंचलों, स्थानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में योजनात्मक कार्रवाई के लिए भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठकमेंएसआईएनडीआरएफश्रीअमरेन्द्रकुमारएवंउनकेदलकेसदस्यमौजूदथे।

# उपायुक्त ने भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग का किया समीक्षा



**बोकारो**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी,जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार वित्तीय वर्ष 24 - 25 में छोटे एवं सीमांत कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को पंप सेट वितरण की योजना के संबंध में जानकारी ली। जिला भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी श्रीमती अंजली राय ने बताया कि योजना के तहत 1.5 – 3.0 एचपी का पंप सेंट 150 लाभुकों, 3.5-5.0 एचपी का 20 लाभुकों एवं 1.0 एचपी का सोलर पंपसेट 10 लाभुकों को दिया जाना है। इसी तरह कृषि यांत्रिकीकरण के प्रोत्साहन हेतु अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रांसप्लांटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना के 05 – 05 लाभुक कृषक समूह/कृषक पैकेज को योजना से लाभांवित करना है। दोनों ही योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। इस दिशा में उपायुक्त ने निदेशालय से पत्राचार करने को कहा।

वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषक यंत्रों का वितरण योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर पैकेज के लिए 50 लाभुक एवं कृषि यंत्र पैकेज के लिए 30 लाभुक का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 39 लाभुकों का आवेदन प्राप्त है। उक्त योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में भी 22 लाभुकों को योजना से लाभांवित किया जाना है, जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है।

समीक्षा क्रम में, मृदा एवं जल संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमि/राईस फेलो विकास उपयोजना अंतर्गत 05 एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जीर्णोद्धार/गहरीकरण की योजना एवं परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना का भी जानकारी ली। लक्ष्य अनुरूप लाभुकों को चिन्हित नहीं करने/आवेदन प्राप्त नहीं करने को लेकर कार्रवाई करने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी को लेकर व्यापक प्रचार – प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं, योजनाओं एवं लाभुकों के चयन से संबंधित आहर्ता के संबंध में जानकारी को लेकर बीडीओ/सीओ के साथ बैठक करने को कहा।

## माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के पारित निर्देश का उल्लंघन का मामला

01 मार्च 2025 को शादी-सह-रिशेप्सन कार्यक्रम के दौरान अमृत पार्क (बोकारो समाहरणालय के समीप) में रात्रि 2:00 बजे तक तीव्र आवाज में डी० जे० के माध्यम से गाना बजाया जा रहा था, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में पारित निर्देश का स्पष्ट उल्लंघन है।

उपायुक्त ने जारी नोटिस में संवेदक को कहा है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन (सि०) संख्या-72/1998, फोरम फार प्रिवेन्सन ऑफ इन्वायरमेंट एण्ड साउण्ड पोल्यूसन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में दिये गए आदेश के आलोक में रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक सार्वजनिक स्थल पर लाउडस्पीकर बजाना वर्जित है। ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 1951 में दिये गये नियमों के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्र की ध्वनि तीव्रता 60 डेसीबल से अधिक न होनी चाहिए।

इसके बावजूद अमृत पार्क फेज 05 में तीव्र आवाज में डी०जी० के माध्यम से गाना बजाया जा रहा था, जो न केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अवमानना है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से आमजनों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ किया जाना प्रतीत होता है।

उपायुक्त ने संबंधित संवेदक अमरेन्द्र कुमार सिंह को निदेश दिया है कि दिनांक 07 मार्च 2025 को अप०: 5:30 बजे समाहरणालय स्थित उपायुक्त न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के निमय 4(2), 7(1), 7(2), B(1) तथा 8(2) के प्रावधानों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन करते हुए आपके विरूद "Maintenance of Air Quality Standard in respect of Noise Pollution" Act के तहत दण्डनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# लेडी सुपरवाइजर और मास्टर ट्रेनर्स के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री पर प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन

**बोकारो**। समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं मास्टर ट्रेनर (आंगनबाड़ी सेविका) का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुमन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

प्रशिक्षण सत्र में लेडी सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री के परिचय और उपयोगिता की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को पोषण के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके और बालकों मानसिक और शारीरिक क्षमता में अनुकूल वृद्धि की जा सके।

जानकारी हो कि, बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 2,256 आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षण-अधिगम सामग्री का वितरण शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल शिक्षा को सशक्त बनाना है,वितरित की गई सामग्री में फ्लैशकार्ड,कहानी की किताबें, चित्र पुस्तिकाएँ,विभिन्न वस्तुओं के चार्ट और नैतिक शिक्षा की पुस्तकें शामिल हैं।

प्रशिक्षण सत्र में बोकारो के 11 एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं से 02 लेडी सुपरवाइजर और 05 सेविकाओं सहित 77 लेडी सुपरवाइजर एवं सेविकाओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान *उपायुक्त श विजया जाधव* ने इंटरएक्टिव गतिविधि-आधारित कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बच्चों की ग्रहणशील क्षमता कैसे कार्य करती है और ध्यान केंद्रित न होने से सीखने की प्रक्रिया में हानि कैसे होती है के संबंध में विस्तार से बताया।

इस प्रशिक्षण सत्र को नीति आयोग के फैलोज रूपल जैन, श्रुति मिश्रा एवं झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से अहमद उद्दीन द्वारा संचालित किया गया।

# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा सांसद में सिंदरी के दो युवा बड़ी भूमिका में अपनी प्रस्तुति दी

**बोकारो**। जिले के सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रक्रिया आरम्भ है। नामांकन हेतु पंजीकरन ऑनलाईन माध्यम से http://transformingbokarokgbv.com पोर्टल पर किया जा सकता है, अथवा सरकारी मध्य विद्यालय से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर संबंधित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि दिनांक 07 मार्च 2025 तक विस्तारित की गई है। जो, पहले दिनांक 28 फरवरी 2025 निर्धारित थी।



नामांकन के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक मुस्लिम एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के बालिकाओं के लिए सीटें आरक्षित है।

नामांकन में ड्रॉप आउट,अनाथ, एकल माता-पिता, सुदूरवर्ती क्षेत्र, आदिम जनजाति समूह, बाल श्रम से प्रभावित एवं नक्सल प्रभावित परिवार / क्षेत्र के बालिकाओं का प्राथमिकता दी जाएगी।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षण, आवासन (छात्रावास), भोजन एवं पोशाक की व्यवस्था है। विद्यालय में नामांकित सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। विद्यालय में योग्य शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलकुद की सुविधा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, व्यवसायिक शिक्षा, कैरियर कॉउन्सेलिंग जैसी सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।उपायुक्त विजया जाधव* ने अभिभावकों से अपील किया है कि जरूरतमंद बालिकाओं के नामांकन हेतु उपर्युक्त अंकित पोर्टल के माध्यम से अथवा आवेदन प्रपत्र के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएँ।

## विद्युत आपूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में चल रही विद्युत आपूर्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जिले के अविद्युतीकृत गांव और टोलों को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना (MUJY) के तहत जल्द से जल्द आच्छादित कर विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बैठक में जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी एवं नगर प्रशासक, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बिजली आपूर्ति में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 23 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।



जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, गोमिया अंचल कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन तरियानी छपरा थाना भवन का एसपी ने किया निरीक्षण



**शिवहर** एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने तरियानी छपरा थाना व थाना के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण सोमवार को किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए थानाध्यक्ष को होली पर्व को लेकर बॉडर इलाका में सघन गस्ती चलाने का भी निर्देश दिया है। इसके बाद एसपी ने परिसर स्थिति निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण कर संवेदक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर ट्रैफिक डीएसपी भाई भरत कुमार, थाना अध्यक्ष छपरा रोहित कुमार मौजूद थे।

## आज होमगार्ड जवान धरना प्रदर्शन में शामिल होने पटना जाएंगे

**शिवहर**। बिहार गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) के जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह ने कहा है कि प्रदेश के कोषाध्यक्ष शिवजी प्रसाद गुप्ता के निर्देश के आलोक में शिवहर जिला के कुल होमगार्ड में से आधा होमगार्ड अपने फुल यूनिफॉर्म मंगलवार को पटना मिलर स्कूल मैदान में चटानी एकजुटता के साथ जायेंगे।

उन्होंने बताया कि 21 सूत्री मांगो को लेकर कल पटना की धरती पर धरना प्रदर्शन होगा। जिसमें शिवहर जिले के सभी विभागों में कार्यरत कुल जवानों में से आधे जवान धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जाएंगे।

## घोघरडीहा के शिव मॉडल पब्लिक स्कूल डेवढ़ ब्रह्मपुरा के नए भवन का उदघाटन



**घोघरडीहा** प्रखंड क्षेत्र के शिव मॉडल पब्लिक स्कूल डेवढ ब्रह्मपुरा के नए भवन का उदघाटन सह वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक संजीत सिंह एवं उप प्राचार्य प्रणव विश्वास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। नए भवन के उदघाटन के बाद समारोह की शुरुआत छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से किया गया। जिसके बाद बच्चों ने इंक्रिडेबल इंडिया, ट्रिब्यूट को इंडियन आर्मी, महिषासुर वध, रश्मिरथी नाटक, कोवाली, स्कॉट गाइड, सेमी क्लासिकल फ्यूज़न, हॉरर एक्ट का मंचन किया गया।जिसे देख उपस्थित अभिभावक मंत्रमुग्ध होकर जोरदार तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। विद्यालय के बच्चों ने आसामी, गुजराती, बंगाली, कश्मीरी भाषाएं बोलकर एवं नृत्य द्वारा संबंधित राज्यों के संस्कृति से लोगों को परिचित करा रहे थे। जिसकी लोगों ने भूरी भूरी प्रंशसा की। कार्यक्रम के अंत मे निदेशक संजीत सिंह के द्वारा आगत अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एचएम के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता का लगाया आरोप

**लदनियां** प्रखंड क्षेत्र के पथराही पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुरिया की शिक्षा समिति की सचिव आशा कुमारी ने एचएम के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता करने जैसे कई आरोप लगाते हुए बीईओ को आवेदन देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। दिए गए आवेदन के अनुसार शिक्षा समिति की बैठक नहीं बुलाई जा रही है। सचिव से हस्ताक्षर कराए बिना ही बैंक से पैसे की निकासी की जा रही है। निकाली गई राशि से कोई विकास का कार्य नहीं किया जा रहा है। मध्याह्न भोजन के सामानों को बेच दिया जा रहा है। विरोध करने वालों को एचएम द्वारा धमकी दी जाती है। आवेदन पर शिक्षा समिति की अध्यक्ष रेखा देवी के भी दस्तखत हैं। आवेदिका ने निष्पक्ष जांच के लिए इस शिकायत पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व थाना प्रभारी को दी है।

## चैती दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**खुटौना** स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार शाम पूर्व सरपंच रामनारायण महतो की अध्यक्षता में चैती दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सत्येंद्र सिंह का चयन किया गया। बैठक में वर्ष 2024 की चैती दुर्गा पूजा का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। पूजा आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार मंडल, सचिव जिला परिषद सदस्य चंद्रभूषण साह, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार मंडल, उप सचिव रामवृक्ष यादव, मेला प्रभारी योगेंद्र यादव, मेला संरक्षण रामबाबू मंडल, मनोरंजन प्रभारी राहुल कारक, कन्हैया मंडल को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सौरव कुमार सिंह, रविंद्र मंडल, शिवशंकर मंडल, राजकुमार महतो, अशोक साह, कंचन साह, शिवजी मंडल, नरेश पासवान और अरुण यादव को शामिल किया गया। बैठक में सरपंच राजाराम कामत, पूर्व सरपंच घुरन महतो, शत्रुघ्न मंडल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने पूजा के सफल आयोजन के लिए सहयोग और समर्पण की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया।

## पीएम आवास योजना को लेकर जरूरतमंदों के बीच सर्वेक्षण कार्य जारी

**लदनियां** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों के सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। 17 से 27 फरवरी के बीच तकरीबन पांच हजार जरूरतमंदों के एनपीसीआई जॉब कार्ड उपलब्ध कराया गया है। उक्त आशय की जानकारी लदनियां प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रंजीत कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने कहा कि गरीब एवं वंचित लोगों को सुगमता से जॉब कार्ड उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाया गया है। जिसमें खासकर महिलाओं को सुविधा के मद्देनजर अलग काउंटर है। सभी जॉबकार्ड को एनपीसीआई कर दिया जाता है। ताकि जॉब कार्ड धारियों को किसी तरह का परेशानी नहीं हो। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुड़वाने के लिए जॉब कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। उक्त सूची में नाम जुड़वाने का तिथि 31 मार्च निर्धारित है।

# हेमन ट्रॉफी में मधुबनी ने शिवहर को 8 विकेट से हराया

**▶ आज मुज़फ्फरपुर टीम से भिड़ेगी शिवहर**

**शिवहर** स्थानीय जानकी स्टेडियम डुमरा में सोमवार को बीसीए सीनियर वनडे क्रिकेट ट्रॉफी का पहला मैच शिवहर बनाम मधुबनी के बीच खेला गया। जिसमें मधुबनी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शिवहर की टीम ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 87 रनों का लक्ष्य रखा। जिसमें शिवहर की तरफ से अनिरुद्ध ने 23 तथा रोहित 17 रनों का योगदान दिया। मधुबनी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विकाश तथा अरुण ने 3-3 विकेट वही दीपक और आदित्य ने शानदार 2-2 विकेट विकेट प्राप्त किया।

वही जवाब में उतरी मधुबनी की टीम महज 19 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें विजय ने 23, सरोज 33 तथा सिद्धार्थ ने 20 रनों का योगदान दिया। शिवहर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अखिलेश और जहांगीर ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

इस मैच को मधुबनी की टीम ने 8 विकेट से जीत लिया। मैच के दौरान सीईओ श्याम किशोर प्रसाद, पंकज सिंह, सीतामढ़ी क्रिकेट संघ के सेक्रेटरी ज्ञानप्रकाश, अखिलेश सिंह, विवेक मिश्रा तथा शिवहर जिला क्रिकेट संघ के सेक्रेटरी नवीन कुमार मौजूद थे। पहले मैच में हार के बाद हेमन ट्रॉफी में शिवहर की टीम अपना दूसरा मैच आज मुज़फ्फरपुर टीम के साथ खेलेगी।





# पेश बजट विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी नीतियों को दर्शाता: डॉ नूतन

**शिवहर** प्रदेश सरकार ने सोमवार को अपना वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। भाजपा नेत्री डॉ नूतन माला सिन्हा ने कहा है कि पेश किया गया बजट बिहार सरकार के विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी नीतियों को दर्शाता है।

चुनाव नजदीक होने की वजह से इस बजट से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। नीतीश सरकार भी इस बार के बजट में बिहारवासियों के लिए कुछ खास ऐलान कर दिया है।

इस बार के बजट में नीतीश सरकार का फोक्स महिलाओं, किसानों और युवाओं पर किया गया है। बिहार सरकार के बजट 2025 में गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सहायता के तहत एक महत्वपूर्ण योजना की घोषणा हुई है। जिसके अनुसार 94 लाख अति गरीब परिवारों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

डॉ नूतन सिंह ने बताया है कि सरकार पहले ही इन लोगों को 2 लाख रुपए आर्थिक मदद करने का ऐलान कर चुकी है। इस बजट में इसके लिए राशि आवंटित की गई है।

भाजपा नेत्री डॉ नूतन ने बताया है कि योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और अत्यधिक आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान करना है ताकि वे अपनी जिंदगी में सुधार ला सकें और बेहतर जीवन जी सकें। इस बाबत 3 लाख



16 हजार 895 रूपए का बजट मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा संगठन महापर्व प्रदेश परिषद की बैठक में भाग लेने हेतु हुई बैठक

**शिवहर** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन शिवहर के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगठन महापर्व प्रदेश परिषद की बैठक मंगलवार को पटना में आयोजित होने वाली है। बैठक में शामिल होने के लिए एक समीक्षात्मक बैठक प्रसाद उत्सव पैलेस फतेहपुर रोड स्थित विवाह भवन में सोमवार को आयोजित किया गया।



बैठक में शामिल होने के लिए रूट चार्ट एवं सवारी की व्यवस्था की गई। बैठक में तय किया गया कि भारी संख्या में सुबह 5:30 बजे में नगर स्थित राणा पेट्रोल पंप से सभी कार्यकर्ता लोग पटना के लिए प्रस्थान करेंगे।

पटना में सुबह का नाश्ता एवं भोजन का प्रबंध भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के द्वारा किया गया है । सुबह 10 बजे से बापू सभागार गांधी मैदान पटना में कार्यक्रम होना सुनिश्चित है। सभी लोगों से समय से आधा घंटा पूर्व वहां पहुंचने का आग्रह अध्यक्ष के द्वारा किया गया है। ताकि रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो ।

इस बैठक में जिला महामंत्री राधाकांत गुप्ता, विनय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष डॉ नूतन सिंह, आदित्य कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार राजू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामनाथ सुमन, जिला मंत्री राजीव कुमार पांडे, मुकेश कुमार चौधरी, मुकेश कुमार राठौर, नगर संयोजक भारत भूषण दुबे, युवा मोर्चा के महामंत्री उत्तम पटेल, मंडल अध्यक्ष शिवहर नगर बैद्यनाथ प्रसाद शाह, पिपराही मंडल अध्यक्ष पंकज पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवहर ग्रामीण मनोज कुमार गुप्ता, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रिय रंजन कुमार, भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता मनीष गुप्ता, सुजीत कुमार जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

## तरियानी छपरा की मुखिया अर्पणा सिंह ने किया जनसंपर्क

**शिवहर** स्थानीय बेलसंड विधानसभा की भावी प्रत्याशी तरियानी छपरा की मुखिया व तरियानी प्रखंड के मुखिया संघ की अध्यक्ष अर्पणा सिंह ने बेलसंड विधानसभा क्षेत्र के खुरपट्टी पंचायत के विभिन्न वार्डों का भर्मण किया।

भावी बेलसंड विधानसभा प्रत्याशी मुखिया अर्पणा सिंह के द्वारा क्षेत्र की समस्या को चिन्हित किया जा रहा है। लोगों से एक बार अवसर मांग रही है। उन्होंने बताया है कि बेलसंड विधानसभा बदलाव की और है ।सभी का स्नेह और आशीर्वाद मिलता दिख आम जनता भी बदलाव की आंधी बहती दिख रही है।

एक सुर में सभी ने कहा कि



जन-जन ने ठाना है बेलसंड में अर्पणा सिंह को लाना है। जनसंपर्क अभियान के दौरान खुरपट्टी पंचायत के पूर्व मुखिया व पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, मुखिया नेहाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## डॉ विमल कुमार राय का निधन, अपूरणीय क्षति

**राजनगर** स्थानीय नरकटियागंज में अपने पैतृक आवास पर डॉ विमल कुमार राय का दोपहर डेढ़ बजे असमयिक निधन हुआ। शहर के जाने-माने चिकित्सक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कुमार राय के निधन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार झा ने शोक प्रकट किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार झा का कहना है कि शहर के स्वास्थ्य महकमे के लिए डॉ विमल कुमार राय का निधन अपूरणीय क्षति है। मंडल अध्यक्ष सुमन झा, राजीव झा, मंडल महामंत्री, रामकृष्ण साहू, बृजमोहन यादव, प्रमानंद सिंह, मृत्युंजय कुमार कुंदन आदि लोगों ने दुःख जताया है।



## दिनदहाड़े लूटपाट के दौरान युवक को मारी गोली





**मधुबनी** मधेपुर के भेजा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना करहारा और रतुआर के बीच कोसी बांध पर हुई। घायल युवक की पहचान रहुआ संग्राम के नंदनपुर टोले वार्ड 8 निवासी धर्मेंद्र सदाय के रूप में हुई है। धर्मेंद्र अपने एक रिश्तेदार को मधेपुर थाना क्षेत्र के तरडीहा गांव से काली पल्सर बाइक पर छोड़कर लौट रहे थे।

करहारा और रतुआर के बीच सुनसान जगह पर सफेद अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोका। अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर बाइक रुकवाई। उन्होंने धर्मेंद्र के सिर पर पिस्टल रखकर उनकी बाइक और मोबाइल छीन लिया। फिर उनकी दाहिनी जांघ में गोली मारकर फरार हो गए। घायल धर्मेंद्र किसी तरह भागकर आसपास के लोगों तक पहुंचे। उन्होंने फोन मांगकर परिजनों को सूचना दी। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें मधेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ. राजू कुमार रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया।

भेजा थाने के एसआई वशिष्ट कापर पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

## नमस्ते राजनगर, कैफे एंड फैमिली रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन




**राजनगर** स्थानीय महाराणा प्रताप चौक पुराना सिनेमा हॉल के सामने नमस्ते राजनगर कैफे एंड फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इसका शुभारंभ अंचलाधिकारी कुमार अभिषेक, जिला परिषद संजय राम, जिला परिषद फैयाज अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिला परिषद संजय राम ने कहा कि सचमुच में इस तरह का रेस्टोरेंट खुलने से शहर का गौरव बढ़ता है। लोग इस माहौल में बैठकर व्यंजन का लुत्फ उठाने के लिए पहले लोग अन्य शहरों का रुख करते थे। अंचल अधिकारी ने कहा कि इस तरह का रेस्टोरेंट होने से महिलाओं को खास फायदा होगा। इस रेस्टोरेंट के व्यवस्थापक मदन ठाकुर ने लोगों को विश्वास दिलाया कि यहां व्यंजन की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। यहां भेज-नॉनवेज, सेल्फी प्वाइंट की सुविधा, पार्टी फंक्शन के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर मो परवेज सुप्रीम, प्रिंस कुमार, संजीव ठाकुर, सरवन कुमार, विश्वनाथ ठाकुर, योगी ठाकुर, शिवचंद्र ठाकुर आदि लोग मौजूद थे ।

## न बिजली सस्ती, न पेट्रोल-डीजल के दाम घटे:नौकरी का जिक्र तक नहीं,

**पटना** बिहार में दो करोड़ बिजली कंज्यूमर के लिए बजट में कोई ऐलान नहीं किया गया है, यानी अभी जिस रेट पर बिजली मिल रही है, आगे भी उसी पर मिलती रहेगी। पेट्रोल–डीजल पर भी सरकार ने वैट कम या ज्यादा नहीं किया है। स्टांप ड्यूटी में भी सरकार ने बदलाव नहीं किया है, यानी प्रॉपर्टी के रेट नहीं घटेंगे। प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी को नौकरी या रोजगार देने का कोई ऐलान बजट में नहीं किया है। सबसे ज्यादा फोकस महिलाओं और किसानों पर है, इनकी जरूरतों और सुविधाओं से जुड़ी छोटी–छोटी स्कीम्स अनाउंस की गई हैं। ये चुनावी बजट नजर नहीं आ रहा। 5 सवाल–जवाब में समझिए, बिहार का पूरा बजट। ये चुनावी बजट नजर नहीं आ रहा। कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि सरकार दूसरे राज्यों की तर्ज पर हर महीने एक फिक्स राशि महिलाओं के अकाउंट में डाल सकती है, लेकिन सरकार ने ऐसा कोई अनाउसमेंट नहीं किया। खास बात है कि जिस 34 लाख नौकरी–रोजगार देने की बात बार–बार कही जा रही है, उसको लेकर भी कोई कोई ऐलान नहीं हुआ। किसी भी वर्ग के लिए कोई भी बड़ी स्कीम अनाउंस नहीं की गई है। हालांकि, सरकार ने छोटी–छोटी स्कीम्स के जरिए महिलाओं, किसानों और युवाओं को साधने की कोशिश जरूर की है। साथ ही रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पिछली बार की तुलना में 10 हजार करोड़ रुपए पुल–पुलिया पर ज्यादा खर्च करने का ऐलान किया है।

बता दें, CM नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान सबसे ज्यादा डिमांड पुल–पुलिया बनाने से ही जुड़ी थीं। इसी वजह से चुनाव के पहले इसके लिए बजट बढ़ाया गया है। इसके मायने क्या हैं : बजट का अनाउसमेंट देखकर लग रहा है कि सरकार चुनाव को लेकर कॉन्फिडेंट है, इसलिए किसी तरह की लोकलुभावनी घोषणा नहीं की गई। एक तरह से देखा जाए तो सरकार विपक्ष के प्रेशर में नहीं दिख रही है। अपोजिशन की तरफ से लगातार महिलाओं को हर महीने एकमुश्त राशि, बुजुर्गों को पेंशन देने जैसी डिमांड की जा रही हैं। राज्य की आधी आबादी यानी महिलाओं को सबसे ज्यादा साधने की कोशिश की गई है। उनसे जुड़े सबसे ज्यादा अनाउसमेंट हैं, ये उनकी छोटी–छोटी जरूरतों से जुड़े हैं। जैसे पिंक टॉयलेट, पिंक बस, जिम ऑन व्हील्स, महिला हाट, गरीब कन्याओं के विवाह के लिए कन्या मंडप, गर्ल्स हॉस्टल, महिलाओं को ई–रिक्शा की खरीदारी पर सब्सिडी शामिल हैं। ये अनाउसमेंट महिलाओं की सुविधाओं से जुड़े हैं, इनसे महिलाओं को छोटे–छोटे रोजगार मिलेंगे। कन्या मंडप के जरिए पहली बार गरीब कन्याओं की शादी की व्यवस्था सरकार करने जा रही है। हालांकि, इसमें भी कुछ राशि महिलाओं को देनी होगी। वहीं, कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए हॉस्टल की व्यवस्था होगी। इससे नौकरीपेशा महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। महिलाओं सिपाहियों के लिए भी सरकार किराये पर कमरा लेगी। इसके मायने क्या हैं : बिहार में महिलाओं की आबादी करीब 6 करोड़ है, और ये नीतीश कुमार का वोट बैंक मानी जाती हैं। हालांकि, सरकार की योजनाओं से सिर्फ उन महिलाओं को रोजगार मिलेगा, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, और जो कम पिढ़ी–लिखी हैं। एजुकेटेड महिलाओं के लिए कोई बड़ा अनाउसमेंट नहीं हुआ है। जो घोषणाएं हुई भी हैं, उनमें भी आबादी के लिहाज से काफी लिमिटेड नौकरियां पैदा हो सकेंगी। महिलाओं के बाद सबसे ज्यादा फोकस किसानों पर किया गया है। जैसे राज्य की 21 कृषि उत्पादन बाजार समिति यानी वो जगह जहां किसान अपने प्रोडक्ट्स की खरीदी–बिक्री करते हैं, उन्हें मॉडर्न बनाया जाएगा। अरहर, मूंग और उड़द दाल को एमएसपी पर खरीदा जाएगा। हालांकि, अभी ये नहीं बताया गया है कि MSP कितनी होगी और खरीदी कब से शुरू होगी। अभी चावल, गेहूं, सरसों पर MSP से खरीदारी होती है। अरहर, मूंग और उड़द दाल को पहली बार MSP में शामिल किया जा रहा है।

# बेनीपट्टी सर्किल इंस्पेक्टर ने सोमवार को पतौना थाना का किया निरीक्षण



**बिस्फी** बेनीपट्टी सर्किल इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा ने सोमवार को पतौना थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर ने सबसे पहले थाना परिसर की साफ-सफाई पर नज़र डाली। इसके बाद उन्होंने गुंडा पंजी, सीडी वन, टू थ्री, मालखाना पंजी सहित अन्य पंजियो की बारी-बारी से गहन जांच कर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लंबित पड़े कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह की घटना घटित होने के उपरांत शीघ्र जांच कर करवाई सुनिश्चित करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारी को दिया गया है। सभी पुलिस पदाधिकारियों को बारी-बारी से बुलाकर केस से संबंधित मामलों की जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। होली पर्व को लेकर सतर्कता बरतने, शराब तस्कर एवं धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थानाध्यक्ष राजकिशोर पंडित, एसआई धनंजय मिश्रा, दयाराम यादव, इंस्पेक्टर के रीडर हर्ष सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# 75 बोतल शराब के साथ बाइक तस्कर गिरफ्तार

**खुटौना** लौकहा थाना पुलिस के द्वारा रविवार शाम संध्या गश्ती के दरम्यान लौकहा बार्डर सीमा के पास एक संदिग्ध बाइक सवार को रोककर तलाशी ली। तलाशी में बाइक की सीट पर पीछे बंधे बोरे से 75 बोतल नेपाली देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान फुलपरास थाना क्षेत्र के बथनाहा गांव के नंदकिशोर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# रिटायर्ड दरोगा ने मारपीट व रुपये का बैग छीनने के आरोप में दर्ज कराया



**हरलाखी** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलहर गांव निवासी बिहार पुलिस के रिटायर्ड दरोगा अरुण कुमार पांडेय ने मारपीट व रुपये छीनने के आरोप में फुलहर गांव के ही चार लोग सहित चालीस पचास अज्ञात लोगों के विरुद्ध सोमवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी के अनुसार विगत 22 फरवरी को एक शादी समारोह से लौटने के क्रम में एनएच 227 स्थित फुलहर नचारी चौक पर वाहन अनियंत्रित होकर एक महिला को ठोकर मार दिया। घटना के बाद ग्रामीण रामबरन कामती, ललन कामती व राहुल कामती, जोगी मुखिया उर्फ शांतिपुर वाला सहित चालीस पचास अज्ञात लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। फिर कार में बैठे अंकित कुमार को मारपीट कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया, जो अभी डीएमसीएच में इलाजरत है। इस दौरान नामजद लोगों ने कार में बैठे नरेन्द्र पांडेय से रुपये भरा बैग छीन लिया।जिसमें लगभग दो से ढाई लाख एवं चार लाख का जेवर था। जानलेवा हमले का वीडियो साक्षी के रूप में उपलब्ध है। इस संबंध में हरलाखी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने कहा प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों को पुलिस चिन्हित कर रही है।

# 120 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हरलाखी**स्थानीय थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 120 बोतल शराब सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान हाट परसा गांव निवासी रामदुलार मुखिया के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार पीएसआई सीमा कुमारी दलबल के साथ गस्ती पर निकली हुई थी। इसी दौरान हाट परसा गांव के समीप सिर पर शराब की बोरी लेकर आ रहे तस्कर ने पुलिस वाहन को देख भागने की कोशिश की। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। हरलाखी थानाध्यक्ष जितेन्द्र सहनी ने कहा कि गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

# चार फरार कोर्ट वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**खुटौना** लौकहा थाना पुलिस द्वारा रविवार रात थाना क्षेत्र में खाप गांव से गूप्त सूचना के आधार पर फरार कोर्ट वारंटी रामनारायण यादव व पनकलाल यादव को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि बन्नरझूली से मो कैयूम व मो लाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त सभी चारों फरार कोर्ट वारंटी काफी दिनों से पुलिस की नजरों से बच कर कहीं छूपकर रहता था। सोमवार को चारों गिरफ्तार वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एसएसबी ने अरनामा बार्डर से कपड़े व जूते लदा वाहन (टेंपो) को पकड़ा



**खुटौना** भारत-नेपाल सीमा पर गश्त लगा रहे अरनामा कैंप के एसएसबी 18 वीं वाहिनी के जवानों ने रविवार रात इंस्पेक्टर मोहनलाल के नेतृत्व में एएसआई एम. पंडित, केआर सिंह समेत अन्य चार जवानों द्वारा अवैध रूप से नेपाल सीमा में प्रवेश करते हुए सीमा के स्तंभ सं. 241 के सामने भारतीय क्षेत्र में कपड़े व जूते लदा टेंपो को पकड़ा। चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर अरनामा कैंप लाया गया। इसकी सूचना लौकहा एलसीएस कस्टम अधिकारी को दी गई। तत्पश्चात कस्टम इंस्पेक्टर मुकूल राय को अरनामा कैंप पहुंच कर पकड़े गए सामानों की जब्ती सूची बनाकर चालक से आवश्यक पूछताछ कर उसका बयान दर्ज कर उसे छोड़ दिया गया। जब्त किए गए सामानों का मूल्य 4,16, 900 सौ बताया गया।

# जल का सदुपयोग करें ताकि आने वाले दिनों में जल संकट से जूझने की नौबत न आए : डीएम

## किसान भाई वैज्ञानिकों के द्वारा अनुशंसित तकनीक का करें प्रयोग : बिंदु






**मधुबनी** किसान मेला सह प्रदर्शनी एवं यशस्वी किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय के प्रांगण में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, जिप अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव, जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी, मंगलानंद झा एवं डॉ एसके गंगवार, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, बसैठा व सुखेत के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए किसान बंधु जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अपनाए। जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अपनी खेती को आगे बढ़ाएं ताकि जलवायु परिवर्तन बाधक न हो। उन्होंने अपने संबोधन के क्रम में सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया कि पीएम कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना तथा जल संरक्षण, जल संचयन के योजनाओं को अपनाते हुए जल का सदुपयोग करें। ताकि आने वाले दिनों में पीने के जल का संकट से जूझने की नौबत नहीं आए। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि आप अपने जल श्रोतों यथा निजी चापाकलों, कुआं आदि के पास सोखता का निर्माण अवश्य करे। साथ ही, छत वर्षा जल संचयन को भी अपनाए। जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव के द्वारा किसानों को संबोधन के क्रम में बताया गया कि किसान भाई वैज्ञानिकों के द्वारा अनुशंसित तकनीक का प्रयोग अपने खेतों पर करें । जिससे आपके पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी ने किसानों से अनुरोध किया कि धान, गेहूं की खेती के साथ-साथ किसान अगर मक्का की खेती करते हैं तो उन्हें ज्यादा लाभ होगा। साथ ही, गरमा में किसान बंधु मड़आ का खेती की तरफ आगे बढ़े । और अपनी खेत को मड़आ की फसल से आच्छादित करें। इस अवसर पर जिले के किसानों के द्वारा तरह-तरह के फल फूल एवं सब्जियां का स्टॉल लगाया गया था तथा कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र आपूर्ति करने वाले प्रतिष्ठानों के द्वारा प्रतिष्ठानों के द्वारा कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण गौतम कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार राहुल, सहायक निदेशक उद्यान डॉ सुजीत कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेश, जिला मत्स्य पदाधिकारी जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका के साथ-साथ जिले के सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान पर परिचर्चा

## माय भारत विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण



**दरभंगा**कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' विषय पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के व्याकरण एवं साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. दयानाथ झा ने की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. साधना शर्मा (कार्यक्रम पदाधिकारी, स्नातकोत्तर इकाई) थीं।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. दिलीप कुमार झा ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, 'संतुलित आहार और संयमित जीवन शैली से टीबी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। गुड़ खाने से टीबी नहीं होता। विशेष वक्ता डॉ. कुणाल कुमार झा (ज्योतिष विभागाध्यक्ष) ने ज्योतिषीय दृष्टिकोण से टीबी रोग पर चर्चा करते हुए कहा, 'चंद्र ग्रह का संबंध श्वसन तंत्र से होता है। जिससे यह रोग जुड़ा हुआ माना जाता है।मुख्यातिथि डॉ. सुधीर कुमार झा (राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक) ने एड्स और टीबी के परस्पर संबंध को रेखांकित करते हुए कहा टीबी एड्स रोग के संवाहकों में प्रमुख है। उन्होंने कहा कि टीबी से रोगप्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है तथा इससे ग्रसित रोगी विभिन्न बीमारियों के जाल में फसते जाते हैं ।उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के लिए जागरूकता एवं नियमित उपचार अत्यंत आवश्यक है। डॉ अवधेश कुमार श्रोत्रिय ने कहा कि इस रोग से बचाव के लिए सतर्कता आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. दयानाथ झा ने अपने विशिष्ट अंदाज में कहा कोरूक, कोरूक, कोरूक, सोअरूक! उनके इस कथन ने उपस्थित जनसमूह को रोगों से बचाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. माया, डॉ. रामनिहोरा रॉय, डॉ. संतोष पासवान , डॉ. सुधीर कुमार सहित अनेक शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उपस्थित छात्र-छात्राओं में नीलम, उमाशंकर यादव, कुंदन झा, विश्वामोहन झा, रोहित, पद्मनाभ आदि ने भी टीबी उन्मूलन के विषय में अपने सुझाव रखे।

संयोजिका डॉ. साधना शर्मा ने कहा कि पोषण अच्छा रखना अत्यन्त आवश्यक है। तथा सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। पीआरओ निशिकांत सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया एवं कहा माय भारत विकसित भारत राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेंट -2025 में शिक्षकों एवं युवाओं की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आज एक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने शिक्षकों को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र में दरभंगा एवं मधुबनी जिले के सभी शिक्षक सक्रिय रूप से शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान पंजीकरण से संबंधित आवश्यकताओं एवं प्रक्रिया पर चर्चा की तथा अपने प्रश्न भी रखे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार झा ने की। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को सशक्त बनाने एवं छात्रों को यूथ पार्लियामेंट में भाग लेने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आगामी दिनों में इस संबंध में और भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार लूटकांड का अपराधी रौशन गिरफ्तार



**बासोपट्टी** डीएसपी विपल्व कुमार ने प्रेस वार्ता कर एक व्यापारी के मुंशी से लूटपाट घटना में शामिल एक अपराधी की गिरफ्तारी का उद्भेदन किया है। डीएसपी ने बताया कि महिनाथपुर मझौरा के बीच एक कचरा भवन के निकट व्यापारी के मुंशी से हथियार के बल पर पैसा लूटपाट की घटना हुई थी। उक्त मामले में पुलिस लगातार विभिन्न जगहों पर घटना में शामिल अपराधी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने इस घटना में शामिल दरभंगा जिले के मनिगाछी थाना क्षेत्र के बधात गांव निवासी अमोल कुमार महतो के पुत्र रौशन कुमार को बासोपट्टी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। थाना के हाजत से रौशन कुमार चौकीदार को धक्का देकर फरार हो गया था। मामले को लेकर पुलिस कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में बीते दो मार्च को पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि अभियुक्त नेपाल के रास्ते अपने घर ट्रेन पकड़ कर जाने की तैयारी में है। जिस पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। वहीं, आगे की कार्रवाई करने के लिए बासोपट्टी थाना लाया गया। मामले पर थानाध्यक्ष ने बताया की अभिरक्षा से फरार होने के दौरान अज्ञात के द्वारा संरक्षण दिया गया था। संरक्षणकर्ता की पहचान की जा रही है। इस दौरान थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार, एसआई मुन्ना कुमार, प्रिया कुमारी, मधु सिंह, कंचन कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन निरीक्षण

## दो बाल श्रमिक करवाया गया मुक्त




**मधुबनी** डीएम अरविंद कुमार वर्मा की ओर से बाल श्रम के विरुद्ध लगातार आम जनमानस के बीच जन जागरूकता एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को बाल श्रम के विरुद्ध सजगता एवं धावा दल के द्वारा बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन निरीक्षण एवं व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया गया है। इसी के तहत सोमवार को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पंडौल, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रहिका, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बाबूबरही एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरलाखी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिस्फी एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बासोपट्टी के नेतृत्व में पंडौल प्रखंड अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु धावा दल के द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के क्रम में मेसर्स इमरान ऑटो मोबाइल पंडौल से 01 एवं मेसर्स मंडल टेलर्स सारीसवपाही से 01 यानि कुल-02 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति मधुबनी के समक्ष उपस्थापित कर निर्देशानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है। बाल एवं किशोर श्रम ( प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

श्रम अधीक्षक आशुतोष झा ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है। बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20000 से 50000 तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एमसी मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार 1996 में दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से 20000 प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी। जो जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा। इस राशि को जमा नहीं कराने वाले नियोजक के विरुद्ध एक सर्टिफिकेट केस या नीलाम पत्र वाद अलग से दायर किया जाएगा। इस धावा दल टीम के सदस्य के रूप में अभिषेक कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पंडौल, गोविंद कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रहिका, राजेश कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बाबूबरही, सिद्धार्थ कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरलाखी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिस्फी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बासोपट्टी रत्ना कुमारी, सर्वो प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, पुलिस लाईन से पुलिस टीम शामिल थे। धावा दल की टीम के द्वारा सोमवार को पंडौल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सभी दुकान एवं प्रतिष्ठान में सघन जांच की गई। सभी नियोजको से किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने हेतु एक शपथ पत्र भरवाया गया।

श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि धावा दल नियमित रूप से 30 मार्च तक प्रत्येक दिन संचालित होगा। जिला के सभी प्रखंड व नगर निकायों क्षेत्रों में बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया विशेष अभियान





**बाबूबरही** अवैध शराब के खिलाफ बाबूबरही पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। बथुआह, मोहनपुर और बेला गांव में छापेमारी की गई। पुलिस टीम के साथ स्वान भी मौजूद था। छापेमारी के दौरान चोरी-छुपे शराब बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। करीब 400 लीटर अर्धनिर्मित शराब, शराब बनाने की सामग्री और यंत्र नष्ट किए गए। पुलिस की गाड़ियों को देखते ही शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। कई लोग घर छोड़कर भाग निकले। जंगल और खेतों में मिट्टी के नीचे छिपाकर रखा गया कच्चा माल भी बरामद कर नष्ट किया गया। शराब कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी गई। छापेमारी दल में पीएसआई संतोष कुमार, सोनाली कुमारी, एसआई राजकेश्वर सिंह और ग्रामीण पुलिस के अन्य जवान शामिल थे। उधर, वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 8 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। कारोबारी पुलिस को चकमा देकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# बाबूबरही पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बाबूबरही** स्थानीय पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष चंद्रमणि ने बताया कि विशेष अभियान के तहत चारों को पकड़ा। सभी के खिलाफ पहले से स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज थी। गिरफ्तार आरोपियों में बरैल गांव के भोलट सिंह और जीवछ सिंह शामिल हैं। वहीं, बथुआहा गांव के विक्रम पासवान और कारी पासवान को भी गिरफ्तार किया गया। सभी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया




**जयनगर** स्थानीय डीबी कॉलेज में सोमवार को भूगोल विभाग के तत्वावधान में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ नंद कुमार के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ राम कुमार सिंह और डॉ श्याम कृष्ण के संयोजन में वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत में मंगलमय दिन ....आजु हे पाहुन छथि आयल के गायन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रो श्याम कृष्ण ने विषय प्रवेश कराते हुए विश्व वन्यजीव दिवस के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ कुमार ने कहा कि किताबी ज्ञान न के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान होना भी अति आवश्यक है। वहीं, भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ रामकुमार सिंह ने कहा कि इस दिन को वैश्विक स्तर पर इसलिए बनाया जाता है कि ताकि दुनिया के वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। पर्यावरण पारिस्थितिक तंत्र में उनकी सकारात्मक भूमिका से लोगों को अवगत कराया जा सके। हिंदी विभाग अध्यक्ष बुद्धदेव ने कहा कि दुनिया भर में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा है। राजनीति विज्ञान के प्रो ओम कुमार ने कहा कि लोग अपने अधिकार की बात करते हैं, कर्तव्य की नहीं। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किए। साथ ही, इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कई छात्रों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनिशा कुमारी एमजेसी भूगोल, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से पूजा कुमारी और अंजना कुमारी एवं तृतीय स्थान अश्विनी कुमारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दी गई। मौके पर डॉ श्याम रूप जायसवाल, डॉ चंदन, मानस वर्मा, डॉ रामप्रवेश, डॉ परशुराम सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के लिए जमीन का निरीक्षण:किशनगंज में DIG ने 70 एकड़ भूमि का किया मुआयना



**किशनगंज (बिहार)** पूर्णिया प्रक्षेत्र के डीआईजी प्रमोद मंडल प्रस्तावित बिहार पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के लिए स्थल निरीक्षण करने किशनगंज पहुंचे। सोमवार को उन्होंने टाउन थाना क्षेत्र के बेलवा स्थित ओदरा घाट के समीप सरकार की 70 एकड़ भूखंड का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सरकार के सिविल इंजीनियर की टीम भी थी। निचली जमीन होने के कारण जलभराव की समस्या होने की संभावना को लेकर भी जांच की जा रही है। डीआईजी के स्थल निरीक्षण के दौरान डीएम विशाल राज और एसपी सागर कुमार के साथ सीओ राहुल कुमार भी मौके पर मौजूद थे। डीआईजी को जमीन के नक्शे के साथ वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। एसपी सागर कुमार ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर किशनगंज में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र खोलने को लेकर जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत डीआईजी ने स्थल का निरीक्षण किया है। बता दें कि जिले में अब तक दो स्थानों पर जमीन चिह्नित किया गया है। जिसमें ठाकुरगंज क्षेत्र और ओदराघाट के पास 77 एकड़ का प्लॉट शामिल है। स्थल चयन होते ही रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा जाएगा। जिसके बाद पुलिस प्रशिक्षण केंद्र निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत में करेगी 250 करोड़ का निवेश, जानिए क्या है प्लान




**एस्ट्राजेनेका दुनिया की टॉप दवा कंपनियों में शामिल है। इसका मार्केट कैप भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लगभग बराबर है। कंपनी ने भारत में 250 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है।**

**नई दिल्लीः** दुनिया की टॉप दवा कंपनियों में शामिल एस्ट्राजेनेका (AstraZeneca) ने भारत में 250 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है। एस्ट्राजेनेका का इतिहास 100 साल से भी पुराना है लेकिन यह कोरोना काल में सुर्खियों में आई थी। कंपनी ने कोविशील्ड वैक्सीन विकसित की थी। भारत में कंपनी की सहयोगी एस्ट्राजेनेका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (AZPIL) चेन्नई में अपने ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी सेंटर के विस्तार पर 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का दावा है कि इससे 1300 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी के भारत में बिजनस को इसी महीने 45 साल पूरे होने जा रहे हैं। AZPIL के एमडी और कंट्री प्रेजिडेंट डॉ. संजीव पंचाल ने कहा कि चेन्नई फैसिलिटी का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि कंपनी साइंस और इनोवेशन के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है। भारत प्रतिभाओं से भरा है और यहां का ईकोसिस्टम डिजिटल एडवांसमेंट्स के लिए भी काफी डायनैमिक है। यही कारण है कि भारत हमारे ग्लोबल ऑपरेशंस का हब है। अभी चेन्नई फैसलिटी 334,000 वर्ग फीट में फैली है और अगले छह महीने में इसमें करीब 180,000 वर्ग फीट स्पेस और जोड़ा जाएगा। इस तरह यह कंपनी का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बन जाएगा। अभी कंपनी के देशभर में 4,000 से अधिक कर्मचारी हैं। **कंपनी का इतिहास** साल 1999 में स्वीडन की एस्ट्रा एबी और ब्रिटेन की जेनेका पीएलसी के मर्जर से एस्ट्राजेनेका का गठन हुआ था। एस्ट्रा एबी की स्थापना 1913 में स्वीडन में डॉक्टरों के एक ग्रुप ने की थी। जेनेका की शुरुआत 1926 में इम्पीरियल केमिकल इंडस्ट्रीज (ICI) के रूप में हुई थी। कई साल तक यह ब्रिटेन की टॉप दवा कंपनियों में शामिल रही। 1999 में इन दोनों कंपनियों के मर्जर के बाद एस्ट्राजेनेका का जन्म हुआ। इसके बाद से इस कंपनी ने पिछले 25 साल में दुनियाभर में कई दवा कंपनियों का अधिग्रहण किया है। एस्ट्राजेनेका आज दुनिया की टॉप दवा कंपनियों में शामिल है। इसका मार्केट कैप 238.12 अरब डॉलर है और यह दुनिया की 46वीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है।

# टीम इंडिया को घर लाने के लिए एयर इंडिया ने तोड़ा नियम! जानें फ्लाइट शेड्यूल कैसे होती है




**टीम इंडिया वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद घर लौट चुकी है। टीम को एयर इंडिया की एक विशेष उड़ान से स्वदेश लाया गया। लेकिन इसके लिए एयर इंडिया ने अपनी एक निर्धारित फ्लाइट को कैंसल किया। इस पर विवाद हो गया है। जानिए कैसे शेड्यूल होती है फ्लाइट...**

**नई दिल्लीः** टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया स्वदेश लौट चुकी है। टीम को एयर इंडिया के एक विशेष विमान से भारत लाया गया। लेकिन इसके साथ ही एक विवाद भी शुरू हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया ने अमेरिका से भारत आने वाली अपनी निर्धारित उड़ान रद्द की और इस विमान का इस्तेमाल टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बारबाडोस से स्वदेश लाने के लिए किया गया। सिविल एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने इस बारे में टाटा ग्रुप की इस एयरलाइन से जवाब मांगा है। बोइंग 777 विमान टीम इंडिया को लेकर बुधवार को ब्रिजटाउन के ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ा और गुरुवार सुबह नई दिल्ली में उतरा। बीसीसीआई ने इसके लिए विमान किराये पर लिया था। नियमों के मुताबिक किसी एयरलाइन को चार्टर विमान ऑपरेट करने के लिए निर्धारित उड़ानों को बाधित नहीं करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया ने 2 जुलाई को नेवार्क-दिल्ली के बीच अपनी उड़ान संख्या AI 106 को रद्द कर दिया था। DGCA ने एयर इंडिया को यह फ्लाइट ऑपरेट करने की अनुमति दी थी लेकिन अब उसने एयर इंडिया से पूछा है कि अमेरिका में फंसे यात्रियों की मदद के लिए उसने क्या कदम उठाए। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नियामक ने एयर इंडिया से फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए गए कदमों को स्पष्ट करने को कहा है। चार्टर उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइन को डीजीसीए से पूर्व अनुमति लेनी होती है।

**यात्रियों ने क्या कहा** सूत्रों ने बताया कि डीजीसीए ने एयर इंडिया के विमान चालक दल को उनके निर्धारित ड्यूटी घंटों से परे काम करने की विशेष छूट दी है। उन्होंने बताया कि नियामक ने यह अनुमति इस शर्त पर दी है कि यात्रियों को असुविधा नहीं होगी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने ईटी के सवालों का जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने बताया कि एयरलाइन ने यात्रियों को उड़ान रद्द होने के बारे में सूचित कर दिया था और उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी कर दी थी। उन्होंने बताया कि कुछ यात्रियों को न्यूयॉर्क से दिल्ली की उड़ान में भी जगह दी गई तथा बाकी यात्रियों को होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई। नेवार्क-दिल्ली फ्लाइट के यात्री अंकुर वर्मा ने कहा कि उन्हें एयर इंडिया द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।

# मैंने बहुत टॉयलेट साफ किए हैं... Nvidia के सीईओ जेनसन हुआंग के बयान पर एलन मस्क ने क्या कहा?





**दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एनवीडिया के सीईओ और फाउंडर जेनसन हुआंग की तारीफ की है। हुआंग के एक पुराने वीडियो पर मस्क की प्रतिक्रिया आई है। जानिए क्या है मामला...**

**नई दिल्लीः** एआई चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया (Nvidia) के फाउंडर और सीईओ जेनसन हुआंग अपनी अलग कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उनकी इस कार्यशैली के दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क भी कायल हैं। टेस्ला, स्पेसएक्स, एक्स समेत कई कंपनियां चलाने वाले मस्क ने हाल ही में हुआंग की कार्यशैली की प्रशंसा की। हुआंग के एक पुराने वीडियो पर मस्क ने टिप्पणी की है। एक्स पर शेयर किए गए इस वीडियो में हुआंग अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात कर रहे हैं। हुआंग का कहना है कि उनके लिए कोई भी काम छोटा नहीं है। उनकी इसी अदा के मस्क कायल हो गए हैं। हुआंग वीडियो में कह रहे हैं, 'मेरे लिए कोई भी काम छोटा नहीं है। याद कीजिए कि किसी जमाने में मैं बर्तन धोने वाला व्यक्ति था।' यह वीडियो स्टैनफोर्ड के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनस में मार्च में दिए गए एक साक्षात्कार के दौरान रिकॉर्ड किया गया था। उन्होंने कहा, 'मैं टॉयलेट साफ करता था। मैंने बहुत सारे टॉयलेट साफ किए हैं। मैंने आप सभी लोगों की तुलना में ज्यादा टॉयलेट साफ किए हैं।' उनकी इस बाद से दर्शक अपनी हंसी नहीं रोक पाए। हुआंग ने बताया कि इस काम ने उनके अंदर सभी तरह का काम करने वाले लोगों के लिए सम्मान की भावना पैदा की। उन्होंने कहा, 'आप मुझे ऐसा कोई कार्य नहीं बता सकते जो मेरे स्तर से नीचे हो।'

**मस्क की प्रतिक्रिया** मस्क ने हुआंग के इस रवैये और एथिक्स की प्रशंसा की। मस्क ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट के जवाब में कहा, 'बिल्कुल सही रवैया।' टेस्ला के सीईओ ने साथ ही कहा कि कोरोना के दौरान, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कमी होने के बावजूद उनके कारखानों में टॉयलेट पेपर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा, 'कोविड में टॉयलेट पेपर की कमी के दौरान, मैं यह सुनिश्चित कर रहा था कि हमारे कारखानों और कार्यालयों में टॉयलेट पेपर हो!' मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं।

# इस बीमा का ऐसे लें लाभ, 100 रुपये के प्रीमियम में महज 2 रुपये आप देंगे

**देश के अन्नदाता मौसम की वजह से परेशान नहीं हों, इसके लिए पीएम फसल बीमा योजना (PMFBY) का लाभ ले सकते हैं। इस साल खरीफ फसल के लिए बीमा योजना की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत किसान खरीफ फसलों का बीमा कराकर अपनी आय सुरक्षित कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इस योजना में बीमा कराने वाले किसानों को कुल प्रीमियम का महज दो फीसदी ही चुकाना होता है। शेष पैसे सरकार देती है।**




**नई दिल्लीः** भारत को कृषि प्रधान देश (Krishi Pradhan Desh) कहा जाता है। यहां अभी भी आबादी का बड़ा हिस्सा खेती-बाड़ी (Farming) पर ही आश्रित है। लेकिन किसानों को फसल तैयार करने में काफी अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। इसी अनिश्चितता से किसानों को बचाने के लिए सरकार ने फसल बीमा योजना (PM Fasal Bima Yojana) की शुरुआत की है। सबसे अच्छी बात यह है कि इस बीमा योजना (Insurance Scheme) में किसानों को कुल प्रीमियम का महज दो फीसदी ही चुकाना होता है। इसमें प्रीमियम का 98.5 फीसदी हिस्सा तक सरकार चुकाती है। इस साल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत हो चुकी है। इस बारे में हम बता रहे हैं डिटेल। **शुरू हो चुका है फसल बीमा सप्ताह** केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने की तरफ से इस साल खरीफ फसल के लिए बीमा योजना की शुरुआत हो चुकी है। पिछले दिनों ही कृषि मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि फसल बीमा सप्ताह (1-7 जुलाई 2024) शुरू हो चुका है। इसमें किसान भाई-बहनों से पीएमएफबीवाई से जुड़ कर अपनी आय सुरक्षित करने की गुजारिश की गई है। इस योजना से जुड़ने पर किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा मिल जाती है। **किस स्थिति में मिलती है सुरक्षा** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खड़ी फसल को सूखा, बाढ़, ओला, तूफान, भूस्खलन, चक्रवात, जलभराव, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग और रोके न जा सकने वाले अन्य जोखिमों रोगा से क्षति की स्थिति में सुरक्षा मिलती है। यदि किसी किसान ने अपनी फसल का बीमा कराया है तो उपरोक्त वर्णित वजहों से फसल बरबाद हो जाती है तो उसे बीमा कंपनी की तरफ से क्षतिपूर्ति मिलेगी। इस योजना के तहत फसल बीमा कराने वाले किसानों को सभी खरीफ फसलों के लिए केवल 2% एवं सभी रबी फसलों के लिए 1.5% का एक समान प्रीमियम का भुगतान करना होता है। वार्षिक वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के मामले में प्रीमियम केवल 5% होगा। शेष प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है।

# बढ़ सकती है भारत की सॉवरेन रेटिंग लेकिन अगले दो साल में करना होगा यह काम



**भारतीय इकॉनमी के लिए अच्छी खबर है। S&P ग्लोबल रेटिंग्स का कहना है कि भारत की सॉवरेन रेटिंग बढ़ सकती है। लेकिन इसके लिए सरकार को राजकोषीय घाटे पर लगाम लगाने की जरूरत है। अगर भारत का फिस्कल डेफिसिट 4% तक आ आए तो सॉवरेन रेटिंग बढ़ सकती है।**

**नई दिल्लीः** यदि केंद्र सरकार अगले दो वर्षों में राजकोषीय घाटे को ग्रॉस डोमेस्टिक प्रॉडक्ट के 4% के स्तर तक ले आए, भारत की सॉवरेन रेटिंग बढ़ सकती है। S&P ग्लोबल रेटिंग्स के एक अधिकारी ने यह बात कही। S&P ग्लोबल रेटिंग्स के डायरेक्टर (सॉवरेन रेटिंग्स) ग्रीफर्न फुआ ने कहा कि रेटिंग में अपग्रेड के लिए ट्रिगर यह होगा कि केंद्र और राज्यों का डेफिसिट GDP के 7% से नीचे आ जाए और इसमें बड़ा योगदान केंद्र सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार फिस्कल डेफिसिट को GDP के 49% तक ले आए तो हम अगले 24 महीनों में रेटिंग अपग्रेड के बारे में विचार करेंगे। केंद्र सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को GDP के 5.1% तक लाने का लक्ष्य रखा है, जो 2023-24 में 56% पर था फिस्कल कंसॉलिडेशन रोडमैप के मुताबिक, 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5% तक लाया जाना है। देश के शीर्ष 18 राज्यों का राजस्व चालू वित्त वर्ष 2024- 25 में आठ से 10% बढ़कर 38 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। इन 18 राज्यों का भारत के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 90% योगदान है। **कैसे बढ़ेगी जीडीपी** S&P ने मई में भारत के लिए आउटलुक अपग्रेड करके पॉजिटिव कर दिया था। हालांकि सावरेन रेटिंग को 'BBB ही रहने दिया रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले तीन वर्षों में औसतन 8% की ग्रोथ दर्ज की है। अगर इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी दिक्कतें खत्म कर ली जाए तो 8% की ग्रोथ भी हासिल कर सकता है। S&P का अनुमान है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8% रहेगी, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.2% से कम होगी।

# शहद-घी से तैयार कर दी गाजर की खास किस्म, 8वीं फेल महिला की अब हर महीने 4 लाख से अधिक की कमाई




**संतोष पचार राजस्थान के सीकर जिले की रहने वाली प्रगतिशील महिला किसान हैं। उन्होंने गाजर की खेती में कई इनोवेशन किए हैं। वह अपनी सफलता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी हैं। उनकी कहानी दिखाती है कि कैसे किसान नवाचार और तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल करके अपनी खेती को अधिक फायदेमंद बना सकते हैं।**

**नई दिल्लीः** आज हम आपको ऐसी महिला किसान से मिलाते हैं जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से खेती में क्रांति ला दी है। उनका नाम है संतोष पचार। वह राजस्थान के सीकर से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने गाजर की गुणवत्ता सुधारने के लिए अनोखी तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे संतोष की आमदनी में भारी इजाफा हुआ। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिली। आइए, यहां संतोष पचार की सफलता के बारे में जानते हैं। **टेढ़ी-मेढ़ी और बेस्वाद गाजरों से थीं परेशान** संतोष पचार अपने खेत में टेढ़ी-मेढ़ी और बेस्वाद गाजरों से बहुत परेशान रहती थीं। इसकी वजह से उन्हें बाजार में अच्छी कीमत नहीं मिलती थी। अपनी इस समस्या का हल खोजने के लिए उन्होंने राज्य सरकार की ओर से आयोजित कृषि मेलों में जाना शुरू किया। इन मेलों में उन्होंने खेती की नई-नई तकनीकों के बारे में सीखा और विशेषज्ञों से सलाह ली। **अनोखा तरीका किया ईजाद** ट्रेनिंग के बाद संतोष पचार ने अपनी समस्या की असली वजह पहचान ली। यह थी घटिया किस्म के बीज। हार न मानकर उन्होंने एक नया प्रयोग करने का फैसला किया। उन्होंने शहद और घी के मिश्रण से पॉलिनेशन (परागण) का अनोखा तरीका ईजाद किया। उनके इस तरीके पर लोगों को यकीन नहीं हुआ। लेकिन, संतोष ने इसे जारी रखा। **बदल गई किस्मत** नतीजे हैरान करने वाले थे। हर फसल के साथ उनके गाजरों की गुणवत्ता में सुधार होता गया। गाजर मीठे, चमकदार और आकार में बेहतर होने लगे। उनके इस नए बीज ने न केवल उपज की गुणवत्ता में सुधार किया बल्कि फसल चक्र को भी तेज कर दिया, जिससे उन्हें जल्दी मुनाफा होने लगा। संतोष और उनके पति की किस्मत बदल गई। उनकी सालाना आय 1.5 लाख रुपये से बढ़कर 50 लाख रुपये हो गई। यह उनकी कड़ी मेहनत और नई सोच का नतीजा था।

**राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित** संतोष पचार की इस उपलब्धि के लिए उन्हें 2013 और 2017 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी सफलता को दूसरों के साथ बांटने का फैसला किया। संतोष ने राज्य के 7,000 से अधिक किसानों को जैविक खेती और नई तकनीकों के बारे में बताया। संतोष की कहानी यह साबित करती है कि मुश्किलों से हार न मानकर, नई सोच और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है।

# तेजी से घट रही है गरीबी, अब यह एक अंक में आ गई, जानिए किस रिसर्च पेपर में किया गया है दावा

**एक रिसर्च पेपर में दावा या गया है कि भारत में गरीबी की दर में तेजी से कमी हो रही है। इकनॉमिक थिंक टैंक NCAER का एक लेटेस्ट रिसर्च पेपर कहता है कि अब गरीबी की दर घट कर 8.5 फीसदी रह गई है। इसलिए सरकार को गरीबी हटाने की रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है।**



**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार भले ही देश के 80 करोड़ लोगों को गरीब (Poor) मान कर उन्हें हर महीने मुफ्त राशन दे रही हो। लेकिन असलियत में कुछ और है। इकनॉमिक थिंक टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ अप्लायड इकनॉमिक रिसर्च या नसीएईआर (NCAER) के एक लेटेस्ट रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में गरीबी का स्तर घट गया है। साल 2011-12 में गरीबी की जो दर 21.2% पर थी, वह 2023-24 में 8.5% पर आ गई। **तेजी से घट रही है गरीबी** NCAER के रिसर्च पेपर 'रीथिंकिंग सोशल सेफ्टी नेट्स इन ए चेंजिंग सोसायटी' में कहा गया कि गरीबी में कमी और इकनॉमिक ग्रोथ के चलते बने हालात में सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों में बदलाव करने की जरूरत है। दरअसल, इस रिसर्च पेपर में इंडिया ह्यूमन डिवेलपमेंट सर्वे के आंकड़ों सहारा लिया गया है। इसमें कहा गया है, 'IHDS के आंकड़ों के मुताबिक, 2004-05 से 2011-12 के बीच गरीबी में काफी कमी आई और हेडकाउंट रेशियो 38.6 से 21.2 पर आ गया। 2011-12 से 2022-24 के बीच इसमें गिरावट जारी रही और रेशियो 21.2 से 8.5 पर आ गया, जबकि इस दौरान कोविड महामारी के चलते चुनौतियां भी आई थीं। **सरकार को रणनीति बदलनी चाहिए** इसमें कहा गया है कि इकनॉमिक ग्रोथ होने और गरीबी घटने के चलते माहौल बदल सकता है। हो सकता है कि भीषण गरीबी से निपटने की परंपरागत रणनीतियां अब हो सकता है कि कम असरदार हों। सामाजिक बदलाव की रफ्तार को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों में भी बदलाव करने की भी चुनौती है, क्योंकि भारत एकसमान

# अब नहीं होगी शेयर मार्केट में गड़बड़ी! SEBI का शेयर ब्रोकर्स को नया सिस्टम बनाने का निर्देश



**मार्केट रेगुलेरटर SEBI शेयर मार्केट में गड़बड़ी रोकने के लिए सख्त रुख अपना रहा है। उसने शेयर ब्रोकर्स को बाजार में किसी तरह की गड़बड़ी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए नया सिस्टम बनाने का निर्देश दिया है।**

**नई दिल्लीः** मार्केट रेगुलेरटर SEBI ने शेयर ब्रोकर्स को बाजार में किसी तरह की गड़बड़ी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए नया सिस्टम बनाने का निर्देश दिया है। SEBI ने इस बारे में एक अधिसूचना जारी की है। इसके पहले शेयर ब्रोकर को इस काम के लिए जवाबदेह बनाने के लिए कोई विशेष रेगुलेटरी प्रोविजन नहीं था। SEBI की अधिसूचना के मुताबिक, इंस्टीटट्यूशनल मैकनिजम (संस्थागत व्यवस्था) के तहत ब्रोकिंग फर्म के साथ इसके टॉप मैनेजमेंट को फ्रॉड या मार्केट एब्यूज का पता लगाने और इसे रोकने के लिए जवाबदेह बनाया जाएगा। इसके लिए ब्रोकर्स को मजबूत निगरानी और नियंत्रण सिस्टम बनाना होगा SEBI ने फ्रॉड या मार्केट एब्यूज के वैसे संभावित मामले भी बताए हैं, जिनकी निगरानी के लिए ब्रोकर सिस्टम को उपाए करने की जरूरत है। ऐसे मामलों में ट्रेडिंग की गलत तस्वीर पेश करना, भाव में हेराफेरी, फ्रंट रनिंग (संवेदनशील जानकारी के आधार पर लाभ उठाना), इनसाइडर ट्रेडिंग, मिस-सेलिंग और अनऑथराइज्ड ट्रेडिंग शामिल हो सकते हैं। **48 घंटे में देनी होगी जानकारी** SEBI ने 27 जून को जारी अधिसूचना में शेयर ब्रोकर को कहा है कि उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता लगने के 48 घंटे के भीतर उसकी जानकारी स्टॉक एक्सचेंजेज को देनी होगी।

# तेजी से घट रही है गरीबी, अब यह एक अंक में आ गई, जानिए किस रिसर्च पेपर में किया गया है दावा

**रिलायंस रिटेल चीन के लोकप्रिय फैशन ब्रांड शीन को भारत में लाने के लिए तैयार है। यह एक लाइसेंसिंग समझौते के तहत होगा। इसके अंतर्गत रिलायंस रिटेल शीन के ब्रांड नाम और उत्पादों को बेचने का अधिकार हासिल करेगी। यह समझौता दोनों कंपनियों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। रिलायंस रिटेल को भारत के विशाल फैशन बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा, जबकि शीन को एक नए और महत्वपूर्ण बाजार में प्रवेश करने का।**

**नई दिल्लीः** मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल वेंचर्स चीन की फैशन ब्रांड शीन को भारत में लाने की तैयारी में हैं। यह कदम दोनों कंपनियों के बीच एक साल पहले हुए समझौते का नतीजा है। शीन के प्रोडक्ट रिलायंस के ऐप और ऑफलाइन स्टोर्स पर मिलेंगे। यह खबर ऐसे समय आई है जब भारत में फैशन मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2031 तक यह बाजार 50 अरब डॉलर से भी ज्यादा का हो जाएगा। ऐसे में शीन का भारत आना मौजूदा कंपनियों जैसे Myntra और टाटा ग्रुप के Zudio को कड़ी टक्कर दे सकता है। शीन दुनिया की सबसे बड़ी फैशन कंपनियों में से एक है। इसके 150 से ज्यादा देशों में ग्राहक हैं। सोशल मीडिया पर इसके 25 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं। 2023 में शीन का मुनाफा 2 अरब डॉलर से ज्यादा रहा। कंपनी ने तकरीबन 45 अरब डॉलर का माल बेचा। यह साझेदारी शीन के लिए भारत में अपने बिजनेस को बढ़ाने का एक नया मौका है।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान







# खूबसूरत आउटफिट में दिखीं श्रद्धा कपूर, अनन्या पांडे और शिल्पा शेट्टी का ग्लैमरस लुक, प्रिंसेस लुक में पहुंचीं माधुरी

बीती रात हुए ब्यूटीफुल इंडियंस 2024 इवेंट में बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेसेस शामिल होने पहुंचीं। श्रद्धा कपूर खूबसूरत आउटफिट पहने पैपराजी के सामने पोज देती दिखाई दीं। पैप्स ने उनके आउटफिट की तारीफ की। वहीं माधुरी दीक्षित प्रिंसेस लुक में नजर आईं। इनके अलावा अनन्या पांडे, तमन्ना भाटिया, टाइगर श्रॉफ, शिल्पा शेट्टी और कार्तिक आर्यन समेत कई सेलेब्स नजर आए। इवेंट में शामिल हुए सभी सेलेब्स की आउटफिट पर एक नजर डालते हैं।





सीक्वेंस फ्रॉक पहनकर इवेंट में पहुंचीं श्रद्धा कपूर। श्रद्धा ने मैचिंग हील्स से अपना लुक कंप्लीट किया। उन्होंने गले में एक पतली डायमंड चेन भी पहनी थीं। सीक्वेंस फ्रॉक पहनकर इवेंट में पहुंचीं श्रद्धा कपूर। श्रद्धा ने मैचिंग हील्स से अपना लुक कंप्लीट किया। उन्होंने गले में एक पतली डायमंड चेन भी पहनी थीं। ब्लैक स्लीव्स की फुल व्हाइट प्रिंसेस आउटफिट में दिखीं माधुरी दीक्षित। ब्लैक स्लीव्स की फुल व्हाइट प्रिंसेस आउटफिट में दिखीं माधुरी दीक्षित। शिल्पा शेट्टी रेड स्टाइलिश गाउन पहने इवेंट में शामिल हुईं। अनन्या पांडे ब्राउन कटस्लीव वाली गाउन पहने दिखाई दीं। तमन्ना भाटिया बेबी पिंक कलर की हाई स्लिट ड्रेस पहने इवेंट में पहुंची थीं। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। तमन्ना भाटिया बेबी पिंक कलर की हाई स्लिट ड्रेस पहने इवेंट में पहुंची थीं। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। अवनीत कौर सी-ग्रीन कलर की डीप नेक गाउन पहने नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए ब्रेड्स बनाई। नेवी ब्लू पर गोल्डन वर्क वाली गाउन में दिखीं जरीन खान। नेवी ब्लू पर गोल्डन वर्क वाली गाउन में दिखीं जरीन खान। रेड फ्लोरल ड्रेस पहने दिखीं करिश्मा कपूर। करिश्मा हाल ही में फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं। ऑल ब्लैक लुक में दिखे टाइगर श्रॉफ। टाइगर जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आएंगे। ईशा मालवीय सिल्वर कलर की शिमरी ड्रेस पहने ब्यूटीफुल इंडियंस 2024 इवेंट का हिस्सा बनीं। सिल्वर ट्यूब गाउन पहने नजर आईं जैस्मीन भसीन। हुमा कुरैशी ब्लैक स्टाइलिश आउटफिट में दिखीं।

# एक रात में तैयार किया ऐश्वर्या का कॉस्ट्यूम:जूही चावला के लिए ढाई घंटे में बनाई ड्रेस; नीता लुल्ला बोलीं- ऋतिक को कपड़ों की अच्छी समझ



मुंबई

आपने देवदास, जोधा अकबर और मणिकर्णिका जैसी फिल्मों की भव्यता तो देखी ही होगी। इसे भव्य बनाने में फिल्म में यूज किए गए कॉस्ट्यूम्स का बहुत बड़ा रोल है। ऐश्वर्या राय बच्चन की भारी-भरकम साड़ी से लेकर माधुरी दीक्षित के वजनदार लहंगे को बनाने के पीछे सेलिब्रिटी कॉस्ट्यूम डिजाइनर और स्टाइलिस्ट नीता लुल्ला का हाथ है। नीता लुल्ला ने देवदास के लिए एक ही रात में ऐश्वर्या की साड़ी बना दी थी। इसके अलावा यश चोपड़ा की डिमांड पर सिर्फ ढाई घंटे के अंदर जूही चावला के लिए ड्रेस तैयार कर दी थी। नीता लुल्ला को उनके काम के लिए चार नेशनल अवॉर्ड भी मिले हैं।

रील टू रियल के इस एपिसोड में हम नीता लुल्ला से कॉस्ट्यूम डिजाइन की बारीकियों को समझेंगे। इन्होंने जिन फिल्मों के लिए काम किया है, उसकी बैकग्राउंड स्टोरी भी जानेंगे। स्टार्स के साथ इनकी ट्यूनिंग कैसी है, इस पर भी बात करेंगे। **देवदास के लिए तीन साड़ियों को मिलाकर एक ड्रेस बनाई थी** फिल्म देवदास में ऐश्वर्या और माधुरी दीक्षित के कपड़ों को डिजाइन करने का जिम्मा डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने नीता लुल्ला को दिया था। इस पर बात करते हुए नीता ने कहा, 'देवदास पर तीन फिल्में पहले ही बन चुकी थीं। संजय ने हमें वो तीनों फिल्में दिखाईं। मैंने उनसे कहा कि इन फिल्मों में जो कॉस्ट्यूम यूज किए गए हैं, वो काफी सिंपल है। संजय ने कहा कि उन्हें अपनी फिल्म को लार्जर दैन लाइफ दिखाना है, इसके लिए एक्टर्स के कॉस्ट्यूम को जितना हो सके, रिच दिखाओ। फिर मैंने कहा कि यह फिल्म बंगाली बैकग्राउंड पर बेस्ड होगी और बंगाल में साड़ियों की लेंथ 5 मीटर ही होती है। मैंने तीन साड़ियां मिलाकर एक साड़ी बनाई। मतलब एक ड्रेस बनाने के लिए मैंने तीन-तीन कपड़ों का इस्तेमाल किया। आप देखेंगे कि ऐश्वर्या और माधुरी ने देवदास में जितने भी ड्रेसेस पहने हैं, वो सारी दो-तीन साड़ियों को काट कर बनाई गई हैं। देवदास के वक्त पहली बार ऐसा हुआ कि कॉस्ट्यूम डिजाइनर को भी एक असिस्टेंट मिला हुआ था।'

**जोधा अकबर में खास तरह की कढ़ाई वाला ड्रेस तैयार किया गया था** जोधा अकबर के वक्त भी डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर ने कॉस्ट्यूम डिजाइन का पूरा जिम्मा नीता लुल्ला को दे दिया था। फिल्म में कैसा कॉस्ट्यूम देना है, इसके लिए नीता ने आर्ट डायरेक्टर से लेकर कैमरा मैन तक से बात की थी।

नीता कहती हैं, 'जोधा अकबर के लीड कैमरा मैन किरण देवहंस नेचुरल लाइटिंग में शूट करना चाहते हैं। नेचुरल लाइट में सिल्क का कपड़ा बहुत चमकता है, इससे पार पाना मेरे लिए एक चैलेंज की तरह था। इसके लिए मैंने एक स्पेशल जरदोजी वर्क की कढ़ाई वाला कपड़ा तैयार किया। यह एक्सपेरिमेंट सफल रहा। इस तरह करके मैंने कॉस्ट्यूम डिजाइन में भी कई टेक्नीक डेवलप किए हैं।' जरदोजी फारसी और उर्दू शब्द है। यह एक प्रकार की कढ़ाई होती है, जो भारत और पाकिस्तान में काफी ज्यादा प्रचलित है। फिल्म जोधा अकबर में ऐश्वर्या का एक सीन। इसमें ऐश्वर्या ने जो साड़ी पहनी है, उसे नीता ने ही डिजाइन किया है। फिल्म जोधा अकबर में ऐश्वर्या का एक सीन। इसमें ऐश्वर्या ने जो साड़ी पहनी है, उसे नीता ने ही डिजाइन किया है।

**ऋतिक रोशन को ड्रेसिंग की बहुत अच्छी समझ** नीता लुल्ला ने कहा कि कुछ एक्टर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें ड्रेसिंग की बहुत अच्छी समझ है। इनमें ऋतिक रोशन का भी एक नाम है। नीता ने कहा, 'अगर ऋतिक के कपड़ों की थोड़ी भी गलत सिलाई हुई, उन्हें तुरंत पता चल जाता है। वो मुझसे इसकी शिकायत भी करते हैं। मैं जब चेक करती हूं तो उनकी बात सच निकलती है। इसके अलावा आमिर खान को भी फैशन की अच्छी समझ है। वो भी इन बारीकियों को समझते हैं।'

कॉस्ट्यूम पर हुए खर्चे की बात करें तो 2000 से लेकर 2010 के बीच में जितनी फिल्में बनी हैं, उनमें जोधा अकबर सबसे महंगे बजट की फिल्म है। फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा के कॉस्ट्यूम्स पर काफी पैसे लगे थे नीता लुल्ला का दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी से बहुत अच्छा संबंध था। श्रीदेवी उन्हें कपड़ों के बारे में बहुत अच्छी जानकारी देती थीं। नीता ने कहा, 'श्रीदेवी जी को यह भी पता रहता था कि व्हाइट कलर में कितने शेड्स होते हैं। उन्हें फैशन और फैब्रिक की बहुत अच्छी जानकारी थी। उनकी फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा में कॉस्ट्यूम पर काफी ज्यादा पैसे खर्च किए गए थे। कॉस्ट्यूम्स के मामले में यह 90 के दशक की सबसे महंगी फिल्म थी।'

**देवदास के लिए एक रात में तैयार हुए कॉस्ट्यूम्स** कपड़े डिजाइन करने में कितना वक्त लगता है? जवाब में नीता ने कहा, 'फिल्म इंडस्ट्री कभी आपको ज्यादा समय नहीं देती। आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन देवदास के लास्ट सीन में जहां ऐश्वर्या की साड़ी जलती है, उसे हमने एक रात में बना दिया था। इस सीन में ऐश्वर्या ने जो साड़ी पहनी है, उसे कई साड़ियों को मिलाकर बनाया गया था। इस सीन में ऐश्वर्या ने जो साड़ी पहनी है, उसे कई साड़ियों को मिलाकर बनाया गया था। ऐसे ही डर में जूही चावला का तांडव डांस वाले सीन के लिए ड्रेस डिजाइन करना था। यश चोपड़ा जी का मेरे पास अर्जेंट कॉल आया। उन्होंने मुझसे कहा कि शूट का आखिरी दिन है और आपके पास सिर्फ ढाई घंटे हैं, आप कैसे भी करके ड्रेस डिजाइन करके दीजिए। मैंने तुरंत अपने वर्कशॉप पर फोन किया और टेलर मास्टर को काम शुरू करने का निर्देश दिया। रास्ते से मैंने कुछ शिफॉन के कपड़े उठा लिए। इस तरह हमने तय समय में यश जी को वो ड्रेस मुहैया करा दी।' **देवदास के बाद लड़कियों में साड़ी पहनने का चलन शुरू हुआ** नीता ने कहा कि देवदास के बाद उनके पास कई लड़कियों के लेटर्स आए थे। चूंकि उस वक्त फोन का उतना एक्सेस नहीं था। नीता ने कहा, '2000 के आस-पास मानसिकता थी कि साड़ी सिर्फ औरतें ही पहनती हैं। कांजीवरम और धर्मावरम की साड़ियों को 'मम्मी साड़ी' की संज्ञा दी जाती थी। मुझे यह देख कर अजीब लगता था। मैं हैदराबाद से हूं, वहां कांजीवरम और धर्मावरम साड़ियां बहुतायत संख्या में बनती हैं। इन्हें बनाने में हाथ का सबसे ज्यादा प्रयोग होता है। इन्हें दोबारा फैशन में लाने के लिए मैंने पैठनी और कांजीवरम के लिए प्रयोग होने वाले धागों से वेस्टर्न ड्रेसेज बनाने शुरू किए।

हालांकि, सबसे बड़ा बदलाव देवदास आने के बाद हुआ। मानसिकता थोड़ी बदलने लगी। लड़कियां मुझे लेटर में लिखतीं कि देवदास देखने के बाद वे भी अपनी मां और दादी की पुरानी साड़ियों को निकालकर पहनने लगीं। ऐसे यह मिथ टूट गया कि साड़ी सिर्फ औरतें ही पहनती हैं।'

माधुरी और ऐश्वर्या दोनों के कॉस्ट्यूम्स को बनाने के पीछे नीता की कई महीनों की मेहनत थी। **लोगों ने कॉस्ट्यूम डिजाइन को सीरियसली लेना शुरू किया** नीता लुल्ला के मुताबिक, 'हम दिल दे चुके सनम' के बाद लोगों ने फिल्मों में यूज होने वाले कॉस्ट्यूम पर भी चर्चा करनी शुरू की। लोगों को हीरो- हीरोइन के कपड़ों में इंटरेस्ट आना शुरू हुआ। फिल्म फेयर और स्टारडस्ट जैसी फिल्मी मैगजीन ने भी कॉस्ट्यूम के बारे में लिखना शुरू कर दिया।'

**कॉस्ट्यूम डिजाइन करते वक्त नीता क्या ध्यान देती हैं**? नीता लुल्ला ने कहा, 'मैं सबसे पहले उस कैरेक्टर के बारे में सोचती हूं। मान लीजिए पुराने समय के किसी राजा का किरदार है, तो मैं पहले रिसर्च करती हूं कि वो राजा अपने समय में क्या पहनता होगा। फिर इसके हिसाब से एक स्केच बनाती हूं। स्केच के हिसाब से ड्रेस डिजाइन करती हूं। इसके बाद एक्टर्स की भी राय लेनी पड़ती है। उन्हें किस टाइप के कपड़े चाहिए। कौन सा कपड़ा उनके लिए कंफर्टेबल होगा, ये सारी चीजें उनसे पूछनी पड़ती हैं।'

**नीता मेल कॉस्ट्यूम भी डिजाइन करती हैं। इसमें दिख रही ड्रेस साउथ स्टार पवन कल्याण के लिए बनाई गई थी।** नीता के डिजाइन किए कपड़ों में मेक इन इंडिया की भी झलक देखने को मिलती है। नीता चाहती हैं कि हाथ से बनने वाले कपड़ों को ज्यादा से ज्यादा महत्व मिले। उन्होंने कहा, 'हाथ से बनने वाले कपड़े धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। जो हमारे बुनकर हैं, उनकी अच्छी कमाई नहीं हो पा रही है। वे अपने बच्चों को भी इस फील्ड में भेजने से कतरा रहे हैं। हमें कैसे भी करके उनके टैलेंट को वेस्ट होने से बचाना होगा। हस्तशिल्प हमारे देश की पहचान है। यह किसी भी दशा में खत्म नहीं होनी चाहिए।' नीता के स्टोर पर हाथ से बनाए कपड़े भी देखने को मिलेंगे। नीता ने कहा कि उन्हें बुनकरों के साथ काम करना सबसे अच्छा लगता है।

**हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी कॉस्ट्यूम डिजाइन कर चुकी हैं नीता**

नीता ने 4-5 हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम किया है। हॉलीवुड में कॉस्ट्यूम डिजाइनर को एक टेक्नीशियन के तौर पर ज्यादा देखा जाता है। नीता ने कहा कि हॉलीवुड में कॉस्ट्यूम डिजाइनर और एक्टर्स के बीच बातचीत नहीं होती। नीता ने कहा, 'मैंने जब भी हॉलीवुड फिल्मों के लिए काम किया है, हमेशा डायरेक्टर के साथ क्राफ्ट पर चर्चा करती हूं। ड्रेसेस कौन से होंगे, इसका डिसीजन डायरेक्टर ही लेता है। एक्टर्स का इसमें कोई रोल नहीं होता है।' ऑस्कर अवॉर्ड्स में ज्यूरी मेंबर के तौर पर आपका रोल क्या है? जवाब में नीता ने कहा, 'मुझे बहुत सारी फिल्में देखनी पड़ती हैं। इन्हें जज करना पड़ता है। अब ज्यूरी के अलावा मुझे एक और रोल दे दिया गया है। म्यूजियम में कौन से कपड़े रखने हैं, इसके सिलेक्शन के लिए मुझे इंटरनल कमेटी का मेंबर बनाया गया है।' नीता फैशन और कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग का कोर्स भी कराती हैं। इनकी टीम में 100 लोग काम करते हैं। ऑर्डर पर एक्सक्लूसिव ड्रेसेस डिजाइन करती हैं नीता नीता लुल्ला के यहां ड्रेसेस के तीन रेंज रखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे यहां तीन तरह के रेंज हैं। आप ऑर्डर देकर ड्रेस बनवा सकते हैं। ये ऐसे कपड़ों के बने होंगे जो आपको किसी दूसरी जगह नहीं मिलेंगे। दूसरी रेंज ऐसी है, जिसे आसानी से अफोर्ड किया जा सकता है। बाकी तीसरी रेंज बच्चों के लिए है।

# ठगी का शिकार हो चुकी हैं सरगुन मेहता: बोलीं- काम ना मिलने पर कई रातें रोकर, खराब खाना खाकर बितानी पड़ी

एक्ट्रेस सरगुन मेहता इन दिनों अपनी फिल्म 'जट नू चुड़ैल टाकरी' को लेकर चर्चा में हैं। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों को लेकर दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। उन्होंने खुलासा किया कि वो बचपन से ही शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देखती रही हैं। इतना ही नहीं उन्होंने अपने करियर के बीच में आने वाली मुश्किलों पर बात करते हुए कहा कि जब वो बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू कर रही थीं, तब उनके साथ धोखाधड़ी हुई थी। सरगुन ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के बारे में भी बात की।

सरगुन का बचपन चंडीगढ़ में बीता। वहीं से अपनी स्कूल की पढ़ाई करने के बाद सरगुन ने दिल्ली से अपना कॉलेज कंप्लीट किया। उन्होंने कॉलेज के साथ-साथ थिएटर भी जॉइन किया। 2009 में सरगुन ने टीवी में डेब्यू किया था। उनके पहले शो का नाम '12/24 करोल बाग' था। उन्होंने बताया कि दिल्ली में ही इस शो का ऑडिशन चल रहा था। सरगुन ने ऑडिशन दिया और वो सिलेक्ट हो गईं। कई साल टीवी में काम करने के बाद 2015 में सरगुन ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा।

**पंजाबी इंडस्ट्री में शुरुआत करने के लिए सरगुन ने टीवी छोड़ दिया था।** सरगुन को एक्टिंग में कुछ खास इंटरेस्ट नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार में किसी का भी इंडस्ट्री से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था। थिएटर करते समय उन्होंने कई बार एक्टिंग छोड़ने के बारे में भी सोचा था। सरगुन का मानना है कि उनकी किस्मत उन्हें यहां तक लेकर आई है।

सरगुन को 2 साल थिएटर करने के बाद टीवी में काम मिला। उनका कहना है कि बेशक थिएटर से उनका बेस मजबूत हुआ है। लेकिन एक्टिंग उन्होंने टीवी में काम करते हुए सीखी है।

सरगुन एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बहुत अच्छी डांसर भी हैं। शाहरुख के साथ काम करना लाइफ का सबसे बड़ा सपना है सरगुन का बचपन का सपना है कि वो शाहरुख के साथ काम करें। उन्होंने कहा- मैं हर दिन शिद्दत से यही दुआ मांगती हूं। बाकी कायनात अपना काम कर रही है। मुझे उम्मीद है कि कायनात जल्द ही मेरा सपना पूरा करेगी। सरगुन ने अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'कठपुतली' में काम किया था। उनके साथ काम करने को लेकर सरगुन ने बताया कि वो अक्षय के साथ काम करने में थोड़ा नर्वस थीं। उन्होंने बताया कि अक्षय ने उन्हें ऐसा फील नहीं कराया कि वो फिल्म इंडस्ट्री से नहीं हैं। अक्षय के साथ काम करने का उनका एक्सपीरियंस बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने बताया कि अक्षय का एक नियम है कि वो सबके साथ ही बैठकर खाना खाते हैं। वो सेट का माहौल बहुत मजेदार बनाकर रखते हैं।

अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'कठपुतली' में सरगुन नजर आई थीं। सरगुन बताती हैं कि शूटिंग के दौरान वो जब भी सुबह जिम जाती थीं, अक्षय हमेशा उनसे पहले जिम में पहुंचे होते थे। उनका कहना है कि अक्षय सबसे पहले सोकर उठ जाते थे। अक्षय समय को लेकर बहुत पाबंद हैं। उन्होंने बताया कि अक्षय की वजह से सेट पर मेरा काम करना बहुत आसान हो गया था। सरगुन की लाइफ में भी कई बार ब्रेक डाउन मोमेंट्स आए हैं। उन्होंने बताया कि एक एक्टर की लाइफ बहुत अनसर्टेन होती है। सरगुन की लाइफ में भी ऐसे बहुत से मोमेंट आए थे, जब वो बहुत रोती थीं। कई बार तो उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया। बुरे दिनों में अच्छा खाना खाने को भी नहीं मिलता था। लेकिन सरगुन के साथ उनकी हिम्मत बनकर रवि हमेशा मौजूद रहे हैं। उन्होंने कहा- हम दोनों हमेशा एक दूसरे की हिम्मत बनकर खड़े रहे हैं।



## सारा अली खान को ट्रोलर्स से फर्क नहीं पड़ता:बोलीं- मेरा जन्म सेक्युलर फैमिली में हुआ है, सफाई देना जरूरी नहीं समझती



सारा अली खान को धार्मिक टिप्पणी से कोई फर्क नहीं पड़ता। सारा ने कहा कि उनका जन्म सेक्युलर फैमिली में हुआ है। वो सारे धर्मों का सम्मान करती हैं। अगर कोई उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर सवाल उठाता है तो वो ऐसे लोगों को तवज्जो नहीं देतीं। सारा ने यह भी कहा कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि कोई उनके खान सरनेम को लेकर सवाल क्यों उठाता है। सारा का कहना है कि वो बेवजह के कॉमेंट्स करने से बचती हैं। हालांकि उनके सामने कोई अन्याय होगा तो वो इसे सहेंगी भी नहीं। बता दें, सारा अली खान कई बार मंदिर में जाने के लिए कट्टरपंथियों के निशाने पर रहती हैं।

**मैं जवाब देना जरूरी नहीं समझती** सारा अली खान ने Galatta India से कहा- मेरा जन्म एक लोकतांत्रिक और संप्रभु देश के अंतर्गत आने वाले सेक्युलर फैमिली में हुआ है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि कोई मेरी धार्मिक मान्यता के बारे में क्या सोचता है। मैं उन्हें जवाब देना भी जरूरी नहीं समझती। मैं बिना मतलब का इश्यू भी नहीं बनाती।

**फिल्में नहीं चलती सिर्फ तब ही बुरा लगता है** सारा ने कहा कि उन्हें बुरा तब लगता है, जब उनकी फिल्में नहीं चलतीं। जब लोगों को उनका काम पसंद नहीं आता। सारा ने कहा- मेरे खाने-पीने, घूमने-फिरने या फिर मेरे रीलियस बिलीफ का संबंध सिर्फ मुझसे है। मैं क्या करती हूं, कहां जाती हूं, यह मेरा खुद का फैसला है। मैं इसके लिए कभी किसी के सामने सफाई देने नहीं जाऊंगी।

**कई बार कट्टरपंथियों के निशाने पर आईं सारा** सारा अली खान कई बार कट्टरपंथियों के निशाने पर रही हैं।

